वर्ष 23, अंक 221, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 5 सितम्बर 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### क्या मोदी को यहीं से मिलेगी चीन की 'चाबी'

## सिंगापुर में 40 साल में क्यों घट गए मुस्लिम

**सिंगापुरः कम** ही लोगों को ये पता होगा कि सिंगापुर में दिवाली को नेशनल पब्लिक हॉलीडे के रूप में मनाया जाता है। 2020 की जनगणना के अनुसार, सिंगापुर में 1,72,963 हिंदू आबादी रह रही थी, जो सिंगापुर की कुल आबादी का 5 फीसदी हैं। खास बात यह है कि सिंगापुर की 99 फीसदी हिंदू आबादी मूल रूप से वहीं की है, जो कभी भारत से जाकर बसी थी। 1980 में यह हिंदू आबादी कुल का महज 3.6 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 5 फीसदी हो चुकी है। वहीं, मुस्लिम आबादी में गिरावट आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई के दौरे के बाद अब सिंगापुर में हैं। भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत के




लिहाज से उनका यह दौरा काफी मायने रखता है।

सिंगापुर में कंगानी व्यवस्था से लिटिल इंडिया तक

सिंगापुर में हिंदू धर्म और संस्कृति सातवीं सदी से ही है, जब तमासेक हिंदू-बौद्ध श्रीविजय साम्राज्य का यह कारोबारी केंद्र था। दक्षिण भारत में चोल साम्राज्य के दौर में यह मलय द्वीप समूह में शामिल हुआ करता था। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के जमाने में दक्षिणी भारत से आप्रवासियों का एक समूह सिंगापुर आया था, जो कुली और मजूदरों के रूप में काम करते थे। यहीं से सिंगापुर में हिंदुओं के बसने की शुरूआत हुई। सिंगापुर में कंगानी व्यवस्था कायम की गई, जिससे हिंदू परिवारों को यहां बसाया गया। वजह यह थी कि सिंगापुर में ज्यादा से ज्यादा लेबर जुटाया जा सके। यही समुदाय बाद में इतना बढ़ा कि सिंगापुर में लिटिल इंडिया कहा जाने लगा। सिंगापुर में लगभग सभी हिंदू जातीय तौर पर भारतीय (99%) हैं, जिनका हिंदू परिवारों में विवाह हुआ है। 1931 में हिंदू धर्म कुल जनसंख्या का 5.5% पर पहुंच गया था।

धार्मिक रूप से दुनिया का सबसे विविधता वाला देश है

प्यू रिसर्च सेंटर के अनुसार, सिंगापुर की धार्मिक विविधता पूरी दुनिया में मशहूर है। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश जैसे देशों की तुलना में यहां धार्मिक विविधता के बाद भी वैमनस्यता न के बराबर देखने को मिलती है। देश में हर पांचवां व्यक्ति ऐसा है, जो किसी धर्म को नहीं मानता है। 2014 की प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट ने सिंगापुर को दुनिया में सबसे अधिक धार्मिक रूप से विविध देश का दर्जा दिया। यही वजह है कि यहां का हिंदू अल्पसंख्यक कभी पलायन नहीं करता है।



**प्रधान मंत्री ब्रुनेई के महामहिम सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया से मुलाकात करते हुए।**

## सिंगापुर में कुछ इस अंदाज में नजर आए प्रधानमंत्री, खुद ढोल बजाकर प्रवासी भारतीयों के साथ झूमे

**सिंगापुर**

**पीएम** मोदी बाद में अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग, राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग और एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से मुलाकात करेंगे। वोंग और ली अलग-अलग भोजन के साथ मोदी की मेजबानी करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांचवीं आधिकारिक यात्रा के लिए सिंगापुर पहुंचे। उन्होंने देश में जोरदार स्वागत करते हुए 'ढोल' बजाकर भारतीय प्रवासियों को अपना मजेदार पक्ष दिखाया। ब्रुनेई की सार्थक यात्रा पूरी करने के बाद सिंगापुर में भारतीय प्रधानमंत्री की दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी का चांगी हवाईअड्डे



पर अधिकारियों ने स्वागत किया और भारतीय प्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। मोदी बाद में अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग, राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग और एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से मुलाकात करेंगे। वोंग और ली अलग-अलग भोजन के साथ मोदी की मेजबानी करेंगे। वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने इस हल्के-फुल्के पल पर खुशी मनाई।

## उद्धव ठाकरे के मंसूबों पर फिरा पानी, शरद पवार के बाद अब कांग्रेस ने कहा- 'हमारा चेहरा...'




**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** में विधानसभा चुनाव से पहले सियासत गर्म है. इस बीच NCP (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार के मुख्यमंत्री पद को लेकर एक बयान ने विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी (MVA) में खलबली मचा दी है. कोल्हापुर में शरद पवार ने सीएम फेस को लेकर कहा कि संख्याबल के आधार पर मुख्यमंत्री चुना जाएगा. उनके बयान का महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने समर्थन किया. पटोले ने कहा, "शरद पवार ने जो कहा उचित ही कहा है, चुनाव में हम महाविकास अघाड़ी के तौर पर ही जाएंगे और एमवीए ही हमारा संख्याबल होगा, सीएम हम बाद में तय करेंगे. इसके पहले भी उद्धव ठाकरे ने कार्यक्रम में बात उठाई थी, उसी दिन कार्यकताओं के सामने साफ कहा कि एमवीए ही हमारा चेहरा होगा."

दोनों नेताओं के बयान से साफ है कि वो उद्धव ठाकरे को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले सीएम चेहरा नहीं बनाना चाहते हैं. वहीं उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) सीएम चेहरे के लिए पैरवी करते रहे हैं.

अब शरद पवार और नाना पटोले के बयान पर शिवसेना (यूबीटी) क्या कहती है, इसपर सभी की नजर टिकी है.

उद्धव ठाकरे ने क्या कहा था?

उद्धव ठाकरे भी पद को लेकर अपनी इच्छा जता चुके हैं. पिछले दिनों उन्होंने सीएम चेहरे पर तंज कसते हुए कहा था ।

### रोक लगवाने को सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई याचिका

## 'इजरायल को हथियार न भेजें भारतीय कंपनियां'

**नई दिल्ली।**

**भारत** से इजराइल को हथियार सप्लाई रुकवाने के लिए 11 सामाजिक कार्यकर्ता बुधवार (4 अगस्त 2024) को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं. वकील प्रशांत भूषण के जरिए इन कार्यकताओं ने याचिका दाखिल की. याचिकाकताओं ने आरोप लगाया है कि इजराइल फिलिस्तीन में नरसंहार कर रहा है, लेकिन भारत सरकार निजी कंपनियों को इजरायल को हथियार सप्लाई करने से नहीं रोक रही है. कोर्ट सरकार को इजराइल को सैन्य सामान की आपूर्ति रोकने के लिए



कहे.

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में केंद्र सरकार को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया कि वह इजराइल को हथियार और अन्य सैन्य उपकरण निर्यात करने वाली भारतीय कंपनियों के लाइसेंस रद्द करे और नए लाइसेंस नहीं दे. याचिका में कहा गाय कि पिछले साल गाजा पर इजरायल के हमले के बाद से प्रीमियर एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड को सैन्य उपकरण के निर्यात की कम से कम तीन बार अनुमति दी गई है.

याचिकाकताओं में हर्ष मांदर, ज्यां द्रेज, निखिल डे, अशोक शर्मा समेत 11 लोग हैं. आमतौर पर कोर्ट विदेश नीति से जुड़े मामलों में दखल नहीं देता. ऐसे में यह देखना होगा कि क्या कोर्ट इस आधार पर इसे सुनेगा कि याचिकाकर्ता भारत सरकार के नरसंहार विरोधी अंतर्राष्ट्रीय समझौते से बंधे होने का हवाला दे रहे हैं।

## राहुल ने अनंतनाग में कश्मीरी पंडितों से किया बड़ा वादा! बोले- 'बीजेपी ने सिर्फ ठगा'

**जम्मू कश्मीर**

**जम्मू कश्मीर** में जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीखें नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे राजनीतिक सरगरमी भी तेज हो रही है. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अनंतनाग में बुधवार (4 अगस्त 2024) को जम्मू-कश्मीर चुनाव को लेकर चार्जशीट लॉन्च की. इस दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जाति जनगणना और कश्मीरी पंडितों सहित कई मुद्दों पर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा.

कश्मीरी पंडित को लेकर राहुल गांधी का बयान

कश्मीरी पंडित को लेकर सांसद राहुल गांधी ने कहा, "हमारे कश्मीरी पंडित भाई का बीजेपी ने फायदा उठाया है. हम आपके साथ खड़े हैं. हमारी सरकार आएगी तो हम आपको साथ लेकर मिलाकर हम आगे बढ़ेंगे. हम आपसे जुड़ना चाहते हैं. सबलोग भाईचारे के साथ आगे बढेंगे. आपका हमारा खून का रिश्ता है, ये राजनीतिक रिश्ता नहीं है. चाहे राजीव गांधी हों, इंदिरा गांधी हों या जवाहरलाल नेहरू हों ये बहुत पुराना रिश्ता है, जो भी आप चाहें मेरे दरवाजे आपके लिए खुले हुए हैं. मैं आपके मुद्दे, आपके दुख, आपका दर्द वो सब संसद में उठाना चाहता हूं."



राहुल गांधी ने फिर उठाया जाति जनगणना का मुद्दा

जाति जनगणना को लेकर कांग्रेस सांसद ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा, "पहले बीजेपी ने कहा कि जातिगत जनगणना नहीं होगी, लेकिन कांग्रेस ने कहा कि जाति जनगणना होगी, तो अब आरएसएस कह रही है जातिगत जनगणना सही बात है. फिर उन्होंने लेटरल एंट्री की बात की, लेकिन जैसे ही हमने संसद में लेटरल एंट्री के खिलाफ आवाज उठाई, बीजेपी ने कहा कि लेटरल एंट्री नहीं होगी."

'जम्मू कश्मीर को मिलना चाहिए स्टेटहुड'

कांग्रेस सांसद ने कहा, "पहले बिहार हुआ करता था, फिर झारखंड बनाया गया. उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड और आंध्र प्रदेश से तेलंगाना बन गया. जब हम यूटी को स्टेट बनाते हैं ।

## सड़क परिवहन व संचार मंत्रालय को बुनियादी ढांचों से जुड़े कामों में तेजी लाने के निर्देश

**नई दिल्ली। केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और दूरसंचार मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं और उन्हें काम में तेजी लाने तथा पहली और दूसरी तिमाही में पिछड़े कामों की तीसरी तिमाही में पूरा करने के निर्देश दिये।

वित्त मंत्री की महत्वपूर्ण पूंजीगत व्यय वाले मंत्रालयों/विभागों के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित करने की योजना है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि आज इसकी शुरूआत करते हुए निर्मला सीतारमण ने सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और दूरसंचार मंत्रालय के लिए बजटीय पूंजीगत व्यय पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दोनों मंत्रालयों के सचिवों के अलावा आर्थिक मामलों के



विभाग के सचिव भी शामिल हुए।

सार्वजनिक इस्तेमाल के लिए बुनियादी ढांचों के सार्थक निर्माण पर जोर देते हुए वित्त मंत्री ने तिमाही लक्ष्य निर्धारित करने और यह सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित किया कि उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर हासिल किया जाए। उन्होंने संबंधित मंत्रालयों को पहली और दूसरी तिमाहियों के लक्ष्यों को तीसरी तिमाही में ही पूरा करने के लिए तेजी लाने का आह्वान किया।


दूरसंचार मंत्रालय के संबंध में समीक्षा के दौरान भारत नेट कार्यक्रम व स्वदेशी तकनीक का उपयोग करने वाली 4जी मोबाइल परियोजनाओं, स्पेक्ट्रम के लिए नेटवर्क, तथा 4जी के विस्तार और अन्य मोबाइल परियोजनाओं के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में पूंजीगत व्यय योजनाओं के विवरण पर चर्चा की गई।

दूरसंचार मंत्रालय के सचिव ने वित्त मंत्री को बताया कि पूरी तरह से स्वदेशी 4जी तकनीक की मदद से 30 लाख उपभोक्ताओं के साथ 21,000 4जी मोबाइल टावर चालू हैं। उन्होंने कहा की सभी लक्ष्य सही दिशा में हैं और समय पर पूरे किए जाएंगे।

### लालू यादव ने सिंगापुर से आते ही फेंका जुबानी बम

## बचाव में BJP-RSS को उतारनी पड़ी ब्रिगेड

**पटनाः राष्ट्रीय** जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव आरएसएस और भाजपा जैसे शब्दों का राजनीतिक प्रभाव के साथ जब जब उपयोग किया बाजी अपने नाम की। यह मौका चाहे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के जुबां से निकली आरक्षण की समीक्षा की बात हो या भाजपा के हार्ड कोर



नेता लालकृष्ण आडवाणी को समस्तीपुर को मशानजोर के गेस्ट हाउस में बंद कर रथ यात्रा को विराम देने वाली घटना हो। सिंगापुर से स्वस्थ्य होकर एक बार फिर बिहार लौटे लालू प्रसाद यादव ने एक बार फिर आरएसएस पर कमान कसते चुनावी समां बनाने की बाजी खेल गए। जानते हैं क्या राजनीतिक ताना बाना बुन गए।

### आज नहीं तो कल, सीएम योगी आदित्यनाथ छोड़ देंगे बीजेपी!

## अखिलेश यादव के दावे से मची हलचल

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** की सियासत में कब क्या हो जाए और कौन क्या दावा कर दे, इसको लकेर सदैव अनिश्चितता रहती है. अब कुछ ऐसा ही सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर भी दावा किया गया है. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुलडोजर मामले पर मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया दी. इस दौरान उन्होंने कहा कि आज नहीं तो कल सीएम को अपनी पार्टी बनानी पड़ेगी.

बता दें सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (2 अगस्त) को अपराधों के आरोपी व्यक्तियों के घरों या संपत्तियों को ध्वस्त करने की बढ़ती प्रवृत्ति की



आलोचना करते हुए इसे "बुलडोजर न्याय" का मामला बताया. न्यायालय ने कहा था कि वह इस मुद्दे के समाधान के लिए दिशा-निर्देश जारी करेगा. वहीं बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद अब सीएम योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव के बीच जुबानी जंग जारी है.

अखिलेश ने कही ये बात

अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर तंज कसते हुए कहा है कि अगर आप और आपका बुलडोजर इतनी ही सफल है तो अलग पार्टी बनाकर बुलडोजर चुनाव चिन्ह लेकर चुनाव लड़ जाइए. आपका भ्रम भी टूट जाएगा और घमंड भी. वैसे भी आपके जो हालात हैं, उसमें आप भाजपा में होते हुए भी नहीं के बराबर ही है. अलग पार्टी तो आपको आज नहीं तो कल बनानी ही पड़ेगी. सपा अध्यक्ष ने यह भी कहा था कि साल 2027 में सरकार बदलेगी तो बुलडोजर का रुख गोरखपुर की तरफ होगा।

## आरजी कर कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष पहुंचे सुप्रीम कोर्ट, याचिका में की ये मांग

**कोलकाता**

**कोलकाता** के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है. इस याचिका में कहा गया है कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार केस में जांच सीबीआई को सौंपने से पहले उनका पक्ष नहीं सुना. घोष ने हॉस्पिटल में हुए रेप की घटना को भ्रष्टाचार के आरोप से जोड़ने वाली हाई कोर्ट के ओर से की गई टिप्पणी को हटाने की भी मांग की है. सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार, 6 सितंबर को इस याचिका पर सुनवाई करेगा।



शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Managing Trustee

R.N. High School

Balitha Vapi, Gujrat

Vikash Dham School

Chala Vapi

A.M.S. English School

Atul valsad



Ashok Tiwari

manager

# दलित महिला के साथ दो आरोपियों ने किया छेड़छाड़ मारपीट एवं दुष्कर्म की कोशिश

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** सूना घर देख कथित दो आरोपियों द्वारा एक दलित महिला के साथ छेड़खानी, अश्लील हरकत तथा मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता शालिनी भारतीय ने एसीपी मेजा को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। प्रकरण मेजा थाना क्षेत्र के समोगरा गांव का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के उक्त गांव की रहने वाली पीड़िता शालिनी भारतीय पत्नी ओमप्रकाश ने बुधवार को एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में गांव के ही संजय कुमार व अमन कुमार पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि बीते 29अगस्त को वह घर में अकेली थी इसी दौरान उसके गांव के ही दो युवक संजय कुमार एवं अमन कुमार सायन सायं 4 बजे के

**पीड़िता शालिनी भारतीया ने एसीपी मेजा को शिकायती पत्र देकर लगाई कार्यवाही की गुहार**



आस पास पहुंचे और महिला के पति व देवर कुंदन भारतीय को पूछने लगे जिस पर महिला ने दोनों को घर पर मौजूद न होने की बात बताकर घरेलू कामकाज करने के लिए घर के अंदर चली गई। इतना ही नहीं तहरीर में पीड़िता शालिनी ने इस बात का भी जिक्र करते हुए लिखा है कि जब वह अपने घर में गई तो उक्त दोनों आरोपी युवक भी उसके पीछे पीछे घर में दाखिल हो गए और दोनों ने उसके साथ अश्लील हराकर छेड़खानी करना शुरू कर दिया जिसका महिला ने चीखते हुए विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसकी इज्जत तार तार करने की नियत से बलपूर्वक उसे जमीन पर गिरा और जबरन दुष्कर्म करने की कोशिश करने लगे। तहरीर के मुताबिक महिला दहाड़ मार मार कर चिलाना शुरू किया तो दोनों आरोपियों ने गलियां तथा हत्या करने की धमकी देते हुए उसका मुंह दबाकर मारपीट भी था। प्रकरण के बाबत पीड़िता की बातों को सच माना जाय तो काफी जोर जबरदस्ती के बाद महिला आरोपियों के चंगुल से स्वयं को छुड़ाकर भागी और पड़ोसियों के घर जाकर अपनी इज्जत बचाई। तत्पाशत कुछ ही देर बाद महिला के पति व देवर भी आ गए जिस पर महिला ने आप बीती पति एवं देवर को भी बताई। गौरतलब है कि पीड़िता ने एसीपी मेजा को बताया कि उसके देवर कुंदन भारतीय के द्वारा घटना के दिन ही मेजा थाने में लिखित तहरीर दी जा चुकी थी लेकिन चौकी सिरसा पुलिस ने आरोपियों से साठ गांठ कर कोई कार्यवाही नहीं किया है जबकि दोनों आरोपी खुलेआम घूम घूमकर उसके पति एवं देवर की हत्या करने की धमकी दे रहे हैं। हालांकि महिला अपराधों पर अंकुश लगाने एवं महिला सुरक्षा के प्रति काफी गंभीर रहने वाले एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने पीड़िता के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए महिला को भरोसा दिलाया और त्वरित कार्यवाही किए जाने हेतु मेजा पुलिस को निर्देशित कर दिया है।

## मदरहा ग्राम पंचायत में डामरीकरण सड़क बनाने हेतु प्रधान ने लिखा एमएलसी को पत्र

**मेजा।** विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत मदरहा (निधि का पूरा ) नई बस्ती के बगल से मदनगोपाल मिश्र के घर एक किमी तक डामरीकरण अथवा सीसी सड़क का निर्माण किए जाने की मांग को लेकर ग्राम प्रधान श्रीमती सुषमा देवी ने प्रयागराज के एमएलसी डा केपी श्रीवास्तव को पत्र लिखकर अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम प्रधान श्रीमती सुषमा देवी मिश्र ने एमएलसी केपी श्रीवास्तव को लिखे गए पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि उनके ग्राम पंचायत के नाई बस्ती के बगल से लगभग एक किमी के बाद मदनगोपाल मिश्र का घर है जहां आने जाने के लिए केवल कच्चा रास्ता है जिस पर पूर्व में रोलर द्वारा समतली करण का कार्य किया जा चुका है लेकिन उसके बाद आज तक सड़क नहीं बनी है जिसके कारण बरसात के दिनों में लोगों के आवागमन में काफी कठिनाइयां होती है। पत्र में श्रीमती मिश्रा ने यह भी जिक्र किया है कि इस मार्ग पर किसी भी प्रकार का कोई विवाद भी नही है। इस सड़क से सैकड़ों घरों के लोगों का आवागमन है यह सड़क डामरीकरण अथवा सीसी सड़क बन जाने से हजारों नागरिकों को आवागमन की सुविधा मिल जाएगी।

# घटवा में तहसील स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश



**करछना।** क्षेत्र के श्रृंगी ऋषि इण्टर कॉलेज घटवा की मेजबानी में बुधवार को तहसील स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील के एक दर्जन से अधिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रृंगी ऋषि इण्टर कॉलेज घटवा के प्रधानाचार्य डॉ संतोष कुमार सिंह व श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में करिश्मा पटेल,शालू मौर्या, स्वेक्षा, एकता जिकरा, शिल्पा पटेल,निर्मल कुशवाहा,रिया पटेल,संध्या मिश्र,खुशी भारतिया, आरती सिंह जबकि अंडर-19 में रोशनी पटेल, खुशी, मानशी यादव,सुमेरी, काजल, शिवानी पटेल,सुमैया नायाब, लक्ष्मी, पुष्पा भारतिया का चयन हुआ। बालक वर्ग अंडर-17 में प्रभाशंकर, अर्पित,अजय भारतिया, नावेद,सम्राट, सुमित मिश्र,उत्कर्ष मिश्र,विशाल, सुजल पटेल,प्रियांशु जबकि अंडर-19 में स्वतंत्र गौतम,आदर्श, गौरव तिवारी,उत्तम पाण्डेय,संदेश पटेल,आकाश,आर्यन,अमन का चयन हुआ। प्रतियोगिता संभाग करछना खेल सचिव बुलंद प्रताप राय के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के दौरान शिक्षक सुरेश सिंह, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,अजय यादव, बृजेश सिंह,अनिल कुमार, क्षितिज तिवारी,शिवराज यादव,रमेश कुमार सहित अन्य विद्यालयों के खेल शिक्षक मौजूद रहे।

# शिवनारायण की जोधपुर में हुई मौत का असली गुनाहगार कौन!

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले के युवक की जोधपुर में शराब में जहर मिलाकर पिलाने से मौत के मामले में गुनहगारों को दंड दिलाने के लिए ना तो मृतक का पिता उतावला दिखाई पड़ रहा है और मौत के गुनहगारों को दण्ड दिलाने के लिए मृतक की पत्नी भी उतावली दिखाई नही पड़ रही है जबकि मामूली बातों पर दोनों तरफ से शिकायती पत्र का जोरदार वार होने लगा है लेकिन मौत के मामले में किसी पक्ष ने दोषी को दंडित कराने का प्रयास नहीं किया है आखिर मामला क्या है जिससे शिवनारायण की मौत पर गुनहगारों को दंडित करने के लिए दोनों पक्षों ने जोधपुर पुलिस का सहयोग नहीं किया है जिससे दोनों की भूमिका सवालों के घेरे में है। जानकारी के मुताबिक शिवनारायण विश्वकर्मा पुत्र लालता प्रसाद निवासी बड़ी धन्नी थाना संदीपन घाट की शादी नीलू विश्वकर्मा पुत्री ज्ञानचंद निवासी हाजीपुर नूरपुर थाना पिपरी के साथ

**मामूली बात पर शिव नारायण की पत्नी और शिवनारायण के पिता के बीच छिड़ा संघर्ष शिव नारायण की मौत की जांच कराने पर दोनों ने साधी चुप्पी**


12 वर्षों पूर्व हुई थी दंपति जोधपुर में रहते थे उनके बीच दो बच्चे रागिनी और अंश हैं नीलू विश्वकर्मा का मामा भी जोधपुर में रहते थे और उनके पति शिवनारायण के मामा भी जोधपुर में रहते थे शिवनारायण ने अपने मामा से 2 लाख रुपए से अधिक की रकम उधार ले ली थी मामा अपने रकम की मांग करते थे लेकिन शिवनारायण उन्हें रकम नहीं दे पा रहे थे अचानक शिवनारायण की संदिग्ध परिस्थितियों में 24 मई को जोधपुर में मौत हो गई है मौत के दिनांक में भी दोनों पक्ष के लोगों की राय एक नहीं है अलग-अलग दिनांक में मौत बताए जा रहे हैं शिवनारायण के पूरे शरीर में फाकोले पड़े थे पूरी शरीर में जबरदस्त सूजन थी जोधपुर की पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर के शिवनारायण के शव को बाहर निकाला है और उसके बाद अंतिम संस्कार किया गया है शिवनारायण की पुत्री रागिनी अपने बाबा लालता प्रसाद के पास मौजूद है और शिवनारायण की पत्नी नीलू विश्वकर्मा अपने मायके पहुंच चुकी है इन दोनों दोनों परिवार के बीच शिकायती पत्र का संघर्ष चल रहा है एक दूसरे के खिलाफ थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिए जा रहे हैं और एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाए जा रहे हैं लेकिन मूल मुद्दे पर किसी परिवार ने अधिकारी को संज्ञान लाने की कोशिश नहीं किया है कि शिवनारायण की मौत कैसे हुई और शिवनारायण की हत्या का असली दोषी कौन है। शिवनारायण की हत्या में शामिल लोगों को बचाने का दोनों तरफ से प्रयास हो रहा है जो बड़ी जांच का विषय है कि आखिर शिव नारायण को शराब के साथ जहर मिलाकर किसने पिलाया है उस हत्यारे का चेहरा बेनकाब करने के लिए ना तो शिवनारायण की पत्नी नीलू और ना नीलू के मायके के लोग और ना हीं शिवनारायण के पिता और उनके घर के लोग इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए बेचैन नहीं दिखाई पड़ रहे है बटवारा संपत्ति का लेनदेन और शिवनारायण की बेटी रागिनी को लेने के लिए तरह-तरह के विवाद कर पूरी ऊर्जा दोनों तरफ से लगाई जा रही है 3 सितंबर को शिवनारायण के पिता लालता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर नीलू और उसके मायके वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं तो इस बात की जानकारी जैसे ही नीलू के मायके के लोगों को मिली तो नीलू के भाई 4 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए हैं और नीलू के ससुराली जनों पर गम्भीर आरोप लगाकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन यह मामला बेहद गंभीर है शिवनारायण की बेटी रागिनी को अपने साथ लेने के लिए दोनों पक्ष के लोग क्यों बेचैन है शिवनारायण की बेटी रागिनी के साथ कहीं कोई अनहोनी ना हो जाए इस पर भी अधिकारियों को ध्यान रखना होगा।

## लालापुर क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ औसर पर मोहल्ले में हुआ कार्यक्रम

**लालापुर।** लालापुर गाँव में शंकर जी के मंदिर पर कृष्ण जन्मआष्ट्मी का कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें जारी सेमरी के कलाकारों के माध्यम से हुआ इस कार्यक्रम के संचलन जेपी वर्मा ने किया कार्यक्रम के आयोजक पप्पू वर्मा ने किया इस कार्यक्रम में कई कलाकारों नें अपने अपने कृष्ण जन्मआष्ट्मी पर गीत गाकर दशार्कों का मन मोह लिया कार्यक्रम में उपस्थित सतीश शुक्ला उर्फ चादा महराज शंकर लाल पाण्डेय प्रधान लालापुर,संतोष शुक्ला, कबूतर बेसी, गुड्डु वर्मा,पप्पू वर्मा,पीसी गुप्ता आदि।

# चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल को सीबीएसई ने दिया 12वीं की मान्यता

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरूवा स्थित मनुकापूरा गाँव में संचालित चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल को सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ( सी बी एस ई ) ने विद्यालय के अध्ययन-अध्यापन , भवन , प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय आदि की उच्चतम गुणवत्ता के आधार पर उच्चीकृत करते हुए सीनियर सेकेण्डरी लेबल 12 वीं की सम्बद्धता प्रदान की है , जिसको लेकर विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों एवं क्षेत्रीय नागरिकों में खुशी व्याप्त है ।उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में शिक्षा का स्तर ऊँचा उठाने के उद्देश्य से रामा मेमोरियल फाउंडेशन के सचिव अखिलेश मिश्र द्वारा वर्ष 2021 में चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल की स्थापना कर प्राथमिक स्तर पर पठन-पाठन की शुरूआत कराई गई और वर्ष 2022 में उच्च प्राथमिक स्तर फिर 2023 में सीबीएसई द्वारा विद्यालय की




गुणवत्ता परक शिक्षा एव समस्त मानक पूरे होने के आधार पर सेकेंडरी लेबल10 वीं की सम्बद्धता प्रदान की गयी थी। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रशासक सुधांशु मिश्र ने बताया कि योग्य शिक्षकों, गुणवत्ता परक शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रक्कर, भिन्न-भिन्न विषयों की अलग-अलग प्रयोगशाला, खेल मैदान एव पुस्तकालय आदि की विशेष जाँच परख हेतु सीबीएसई की टीम ने बीते 22 अगस्त को विद्यालय का गहन परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट सीबीएसई बोर्ड दिल्ली को भेजा था जिसकी जाँच - पड़ताल एव परीक्षण के आधार पर सीबीएसई ने तीन सितंबर को सीनियर सेकेंडरी लेबल 12वीं की सम्बद्धता जारी किया है जिसको लेकर स्कूल के बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों एव क्षेत्रीय नागरिकों में हर्ष व्याप्त है।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न



अखण्ड भारत सन्देश

**मांडा।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान बुधवार को ब्लॉक परिसर में तीन दिवसीय का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे समूह के महिलाओं को लॉक्स मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में जानकारी ब्लॉक मिशन प्रबंधक मास्टर ट्रेनर विवेक तिवारी के द्वारा दिया गया। इस बीच ग्राम संगठन बुक कीपर ग्राम संगठन के पदाधिकारी ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। कार्यक्रम में एडीओ आईएसबी जैनेंद्र कुमार राव, रेनू कुमारी, कुमारी रेनू एवं प्रतीक पांडे ने अपना विशेष सहयोग दिया।

# मुख्यमंत्री के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का लोक भवन आडिटोरियम लखनऊ से किया गया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा 05-05 लाभार्थियों का गोदभराई एवं अन्नप्राशन करने के साथ ही हरी झंडी दिखाकर पोषण रैली किया रवाना गत वर्ष की भांति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में प्रदेश में माह सितम्बर, 2024 में राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारम्भ मुख्यमंत्री के द्वारा बुधवार को लोक भवन आडिटोरियम लखनऊ से किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद स्तर/ब्लाक स्तर पर देखा गया। मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका की विस्तृत विवेचना उनके द्वारा बच्चों के भविष्य के उन्नयन हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना करने के साथ ही 555 आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण, हाटकुक्ड मील योजना से संबंधित हबाल भोगह पोर्टल, डी.बी.टी. के



माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के बैंक खातों में रू0 8.78 करोड़ बीमा प्रीमियम का अंतरण एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की यूनिफार्म के लिए रू0 29 करोड़ का अंतरण किया गया।जनपद स्तर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण गौरव कुमार मुख्य विकास अधिकारी, सुरेन्द्र चौधरी एम0एल0सी0 के प्रतिनिधि वीरू चौधरी, हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक के प्रतिनिधि यशवंत कुमार चौधरी, दिनेश सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी, ओम प्रकाश यादव बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर-द्वितीय, श्रीमती संजिता सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर-प्रथम, शहर की समस्त मुख्य सेविकाएं एवं सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिकाओं द्वारा जिला कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में देखा गया। मुख्य विकास अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ 05-05 लाभार्थियों का गोदभराई एवं अन्नप्राशन करने के साथ ही हरी झंडी दिखाकर पोषण रैली संगम सभागार से विकास भवन तक निकाली गयी।

# जुर्माना के नाम पर रेंजर ने वसूला लाखो की रकम नहीं काटी रसीद

**कंजरवेटर ने जांच कराई तो रेंजर की मुसीबत बढ़ना तय है**

**कौशाम्बी।** वन विभाग के मंझनपुर रेंज के रेंजर के वसूली विभाग में चर्चा का विषय बनी हुई है जुमार्ना के नाम पर वसूली गई रकम की रसीद काटकर सरकारी खजाने में नहीं जमा की जाती है लकड़ी कटान आरा मशीन संचालन की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचने पर रेंजर सीधा विभागीय जुमार्ना की बात करते हैं लेकिन जुमार्ना लेने के बाद लोगों को रसीद नहीं दी जाती है इतना ही नहीं पेड़ कटान के साथ-साथ आरा मशीनों की जांच के नाम पर उन पर जुमार्ना लगाकर उनसे जुमार्ना जमा करने के लिए कहा जाता है और जुमार्ना के नाम पर मिली मोटी रकम की रसीद नहीं दी जाती है विभाग के इस खेल की चर्चा तेजी से हो रही है बीते दिनों करारी क्षेत्र के लकड़ी काटने वाले एक ब्यक्ति ने आंधी तूफान में गिरे महुआ के पेड़ को बोटा बनाकर काट दिया था जानकारी रेंजर को मिल गई मौके पर रेंजर पहुंचे जांच पड़ताल किया और रेंजर ने जुमार्ने की बात की जुमार्ना की रकम 30 हजार लेने के बाद कई दिन बीत जाने के बाद भी सरकारी रसीद नहीं दी गई है मामले की सेटिंग रिटायर्ड कर्मचारियों द्वारा कराई गई है विभाग से सेवानिवृत होने के बाद विभाग के दलाल बन करके लोग अधिकारियों की जेब भर रहे हैं चचाओं पर जाए तो बीते कुछ महीने के बीच एक बोरा से अधिक नोट रेंजर ने कमाई है आरा मशीनों से जुमार्ने के नाम पर 30 हजार रुपए की वसूली हो रही है अब तक दर्जनों आरा मशीन से वसूली हो चुकी है जुमार्ने की बात होती है लेकिन पेड़ काटने वालों से वसूली गई जुमार्ने की रकम की रसीद नहीं दी जाती है मंझनपुर रेंजर का यह कारनामा सवालों के घेरे में है लेकिन उसके बाद प्रभागीय वना अधिकारी ने उनके कारनामों की जांच नहीं कराई सरकार के रकम में इस हेरा फेरी के मामले को अभी तक अफसरो ने गंभीरता से नहीं लिया है जिससे रेंजर के हौसले बुलंद है जुमार्ना के नाम पर वसूली गयी रकम की जांच करा करके हेरा फेरी के मामले में इन पर मुकदमा दर्ज नहीं कराया है इनको निलंबित करने की सिफारिश नहीं की है जिससे डीएफओ की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं मामले को लेकर यदि कंजरवेटर ने जांच कराई तो रेंजर की मुसीबत बढ़ना तय है लोगों ने मामले की शिकायत कंजरवेटर से कर रेंजर को दंडित किए जाने की मांग की है।

# हाईस्कूल का छात्र विकास ने बनाया हवाई जहाज का मॉडल, जमीन से ऊपर उड़ाया

अखण्ड भारत सन्देश

मांडा। यमुनापार क्षेत्र का चर्चित कॉलेज अभिराजी विहार इंटर कॉलेज कलात्मक एवं शैक्षणिक उत्कर्ष का गढ़ माने जाने वाले कॉलेज का एक छात्र ने उच्च सोच रखते हुए कला का प्रखर दिखाया जिसकी चर्चाए क्षेत्र में फैली हुई है ' मांडा थाना क्षेत्र के दण्डपान पुर गांव निवासी विकास कुमार मौर्या ने अपने हुनर का प्रयोग करते हुए सबसे तेज गति से उड़नेवाला हवाई जहाज का मॉडल बनाकर कॉलेज में धमाल मचा दिया। अपने इस मॉडल के बाद विकास ने विद्यालय परिसर में मौजूद छात्र छात्राओं के बीच वैज्ञानिक बनकर उभरा है। कॉलेज परिसर में चारों ओर इनकी ही चर्चा हो



रही है। सबसे तेज गति से हवाई जहाज मॉडल बनाने की सूचना के बाद माता पिता के साथ गांव के लोग भी खुशियाँ जताई । परिजन भी फोन पर बधाई दे रहे हैं। अभिराजी विहार इंटर कॉलेज विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने विकास कुमार मौर्या की तारीफ करते हुए कहा कि जिस तरीके इतनी कम उम्र में हवाई जहाज बनाकर विद्यालय के सभी शिक्षकों का ध्यान अपनी ओर खींचा हैं जरूर ही इनके माता, पिता का बहुत बड़ा योगदान रहा होगा। तथा विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं व शिक्षकों के बीच जो ताल मेल बनाया हैं काफी काबिले तारीफ है।

मौके पर श्याम सुंदर, दीनानाथ कुशवाहा,अभिषेककुमार, अशोक कुमार, आदि लोग शामिल रहे। वही मांडा क्षेत्र में स्थापित किए कॉलेज के प्रबंधक तपेन्द्र प्रसाद के शैक्षणिक कार्य को दोहराते हुए क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि वे अपने समय के छात्रों में एक प्रतिभाशाली छात्र थे तो उक्त कॉलेज का क्या कर सकता हैं जिसकी चर्चा फैली हुई हैं।

# मॉडल ग्राम पंचायत अल्हवा में खुली बैठक आयोजित

**कोरांव।** सरकार द्वारा जारी दिशा निदेर्शानुसार खंड विकास अधिकारी तथा क्षेत्रीय पंचायत अधिकारी कोरांव के पर्यवेक्षण में पूरे ग्राम पंचायतों में चलाए जा रहे पीएम आवास पात्रता सूची और उनके चयन को लेकर खुली बैठकें निरंतर जारीहैं। उसी क्रम में बुधवार को भी ग्राम पचायत अल्हवा सहित कई ग्राम सभाओं में स्थित सचिवालय भवनों पर खुली बैठक का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अल्हवा में ग्राम प्रधान अलहवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे की अध्यक्षता में खुली बैठक आहूत हुई। जिसमे ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अल्हवा सुनील कुमार सरोज और ग्राम सभा के सदस्य व नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में पात्रता सूची तैयार की गई और पात्र अपात्र के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। सचिव ने बताया कि

**वर्ष 2024/2025 की आवास लाभार्थियों का सर्वे और चयन, पात्रों को ही मिलेगा प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ : ग्राम प्रधान और सचिव**




जो अपात्र होंगें उन्हे आवास सरकार नहीं देगी। जो पात्र होंगे उन्ही को आवास मिलेगा। पात्रता अपात्रता की सूची वाल पेंटिंग कराकर ग्रामीणों को जानकारी के लिए कराने का निर्णय लिया गया।

# वैदिक काल खण्ड से आस्था का केंद्र बिंदु रहा है प्रयागराज : योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने फूलपुर को दी 407 विकास परियोजनाओं की सौगात

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों एवं माफियाओं से सरकार सख्ती से निपट रही है। महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करने वाले को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश में युवाओं को जहां अधिक से अधिक रोजगार दिया जा रहा है वहीं महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का काम सरकार कर रही है। यह बातें इफको की फूलपुर इकाई में बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार दोपहर इफको में पहुंचे मुख्यमंत्री का फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल के साथ ही अन्य नेताओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर जोरदार स्वागत किया। वहीं इफको के इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व स्वयं प्रकाश के साथ ही इफको के अन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को





मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत करते इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया व इफको के अन्य अधिकारी तथा छात्रों को टैबलेट वितरित करते मुख्यमंत्री योगी

अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले का उद्घाटन कर युवाओं को जहां नियुक्ति-पत्र दिया वहीं विद्यार्थियों में स्मार्टफोन/टैबलेट का भी वितरण किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को ऋण वितरण व सहायता राशि का अंतरण करने के साथ ही 407 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/ शिलान्यास भी किया। तीर्थराज प्रयागराज की महत्ता को बताते हुए उन्होंने कहा की प्रयागराज वैदिक काल खण्ड से आस्था का केंद्र बिंदु रहा है। सपा सरकार पर अपना निशाना साधते हुए उन्होंने कहा की दुनिया की सबसे प्राचीन गुरुकुल महर्षि भारद्वाज की पहचान पर संकट खड़ा करने वाले वही लोग हैं जिन्होंने जाति धर्म के नाम पर लोगों लड़ाया और आज टीपू सुल्तान बनने का ख्वाब देख रहे हैं। उन्होंने पूर्ववर्ती सपा सरकार में नौकरियों को बेचने का आरोप लगाया। कहा की सपा की सरकार में सिर्फ इटावा व मैनपुरी में ही नौकरियां मिलती थी परन्तु भाजपा की सरकार में प्रदेश के हर जनपद के युवाओं को नौकरियां मिल रही हैं। पूर्व की सपा सरकार पर गुंडे एवं माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए सूबे के मुखिया ने कहा की भाजपा सरकार में माफियाओं एवं गुंडों को उठने नहीं दिया जाएगा बल्कि उन्हें मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा। प्रयागराज में राजू पाल एवं उमेश पाल हत्याकांड का जिक्र कर उन्होंने पाल समाज को साधने का काम किया।

टैबलेट व ऋण प्राप्त करने के साथ ही विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण पर उन्होंने सभी को बधाई दी। मौके पर मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, सिद्धार्थ नाथ सिंह, सांसद प्रवीण पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष कविता पटेल,केपी सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, विधायक वाचस्पति, गुरु प्रसाद मौर्य, प्रयागराज महापौर गणेश केसरवानी के अलावा जनपद के मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल,मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, एसडीएम फूलपुर तपन मिश्र के साथ ही पुलिस विभाग के शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्रमिक बस्ती के लोगों ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन कार्रवाई के निर्देश दिए

## मुख्यमंत्री ने बुलाकर लिया ज्ञापन, श्रमिक बस्ती, नैनी के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने हेतु



**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती, के आवासों की समस्या को लेकर ज्ञापन देने गए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं बुलाकर ज्ञापन लिया और कार्रवाई के निर्देश दिए। नैनी, प्रयागराज श्रमिक बस्ती के आवासों में रह रहे लोगों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने, श्रमिक बस्ती, नैनी राजकीय श्रम हितकारी केंद्र, बच्चों के खेल ग्राउंड, बस्ती से पीएसी का अवैध कब्जा हटाने तथा पूर्व श्रम आयुक्त के भ्रष्टाचार एवं गबन घोटाले की जांच कराए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया। फूलपुर इफको परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यकताओं से मिल रहे थे। जन संवाद कार्यक्रम के दौरान श्रमिक बस्ती समिति के मीडिया प्रभारी विनीत कुमार द्विवेदी ने श्रमिक बस्ती समिति द्वारा प्रेषित ज्ञापन मुख्यमंत्री को दिया। भारी भीड़ के बीच मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रभारी को बुलाकर अपने हाथ में ज्ञापन लिया और कार्रवाई के निर्देश दिए। श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने उक्त जानकारी दी है। श्रमिक बस्ती समिति के पदाधिकारियों, कार्यकताओं तथा श्रमिक बस्ती, नैनी क्षेत्र के निवासियों ने मुख्यमंत्री द्वारा ज्ञापन लिए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया है। श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने कहा है कि उप श्रम आयुक्त प्रयागराज द्वारा श्रमिक बस्ती, नैनी की 28 बीघा जमीन पीएसी को दिए जाने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। शीघ्र ही उप श्रम आयुक्त प्रयागराज का घेराव करके उनसे पूछा जाएगा कि पीएसी को जो 28 बीघा जमीन दी गई है, उसकी चौहद्दी क्या है। इसके लिए उप श्रम आयुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन की तैयारी चल रही है।

# तीमारदारों को पीटने वाले डॉक्टरों के खिलाफ गरजे कांग्रेसी

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** स्वरुपरानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) में बांदा से आए तीमारदारों को पीटने वाले जूनियर डॉक्टरों के खिलाफ कांग्रेसियों ने बुधवार को मोर्चा खोल दिया। कांग्रेस कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुरेश यादव की अगुवाई में पहुंच गये और आरोपी डॉक्टरों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुये नारे बाजी करने लगे। कांग्रेसियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। मालूम हो कि बांदा के थाना बबेरू, ग्राम साथी से आए कुन्ती देवी बेटे अंकित पटेल और भतीजे रोहित के साथ बहु सुमन का उपचार कराने के लिये एसआरएन आई थी। उपचार के दौरान वार्ड 12 में मौजूद जूनियर डॉक्टरों द्वारा किसी बात को लेकर तीमारदारों के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि सभी ने मिलकर दोनों भाइयों को जमकर पीटा। इसे लेकर काफी देर तक हंगामा होता रहा। पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। आरोपी डॉक्टरों की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेसी सड़क पर उतर आए। प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी और विवेकानंद पाठक ने कहा की लगातार स्वरुपरानी अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के साथ डॉक्टर मारपीट करते हैं। जिसपर अंकुश लगाने में सरकार और अस्पताल प्रशासन नाकाम है। पार्टी के जिला शहर कमेटी के प्रवक्ता हसीब अहमद ने कहा की अस्पताल में तीमारदारों पर हमला करना अत्यंत निदंनीय है। डॉक्टरों की दबंगई और गुंडई के आगे प्रशासन मौन है। कहा की स्वास्थ विभाग और प्रदेश सरकार को ऐसी घटनाओं के रोकथाम के लिये कड़े कदम उठाना चाहिये। कांग्रेसियों ने राज्यपाल सम्बोधित पत्र भेजकर आरोपियों की गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# बाइक चोर की पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पटेल नगर बाजार में बुधवार की सुबह व्यापारियों ने एक बाइक चोर को पकड़ कर धुनाई के बाद पुलिस को सौप दिया। बताया जाता है कि वह एक व्यापारी की बाइक में चाबी लगा कर खोलने का प्रयास कर रहा था। छतनाग निवासी विपिन बिंद सब्जी व्यापारी है। बुधवार की सुबह वह पटेल नगर बाजार में बाइक से सब्जी लेकर गया था। वह बाइक खड़ी कर अपनी दुकान लगा रहा था कुछ देर बाद विपिन की नजर अपनी बाइक पर गई तो देखा कि एक युवक बाइक में चाबी लगा कर खोलने का प्रयास कर रहा था। व्यापारियों ने उसे पकड़ कर पुलिस को सौप दिया। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है।

# जाली नोट छापने वाला मदरसा सील

## 70 बच्चों को घर भेजा, हर साल तुर्की और सऊदी से 48 लाख चंदा मिल रहा

**प्रयागराज।** प्रयागराज के जिस मदरसा में जाली करेंसी छापी जा रही थी, पुलिस ने बुधवार दोपहर उसे सील कर दिया। हॉस्टल में रहने वाले 70 बच्चों को उनके घर भेज दिया गया। ये बच्चे 6 राज्यों के हैं। गेट पर पुलिस और मदरसा कमेटी का ताला लगा है।पुलिस एक्शन के 30 मिनट के बाद प्रयागराज प्राधिकरण की टीम मदरसा पहुंची। गेट पर बोर्ड लगा दिया कि यह निर्माण अनधिकृत है।

**6 राज्यों के 630 बच्चों को ढूंढ रही आईबी :**

इस मदरसा से पढ़कर निकले 630 बच्चों को इन और एटीएस 6 राज्यों में ढूंढ रही है। ये वही बच्चे हैं, जिनका मौलवी मोहम्मद तफसीरुल आरीफीन ने ब्रेनवॉश किया है।जांच में सामने आया कि मदरसा को तुर्की, सऊदी अरब और दुबई में बैठे लोग पैसा भेज रहे हैं। हर साल करीब 48 लाख रुपए के ट्रांजैक्शन हो रहे थे। यह पैसा किन बैंक अकाउंट में आता था? कहां खर्च होता था? एजेंसियां जांच कर रही हैं।

**कमेटी ने कहा- लोग मदद के रूप में भेजते हैं पैसे :**

जाली करेंसी मामले की जांच के लिए आईबी की टीम 28 अगस्त को मदरसा पहुंची। मौलवी के कमरे की जांच में कई आपत्तिजनक किताबें और तस्वीरें बरामद कीं। आईबी की टीम को मदरसे से जो किताबें मिली हैं, उनमें एक किताब का नाम है- आरएसएस देश का सबसे बड़ा आतंकवादी संगठन। इसके लेखक एसएम मुशर्रफ, पूर्व पुलिस महानिरीक्षक (महाराष्ट्र) हैं। मूल किताब उर्दू भाषा में लिखी गई है। इसके हिंदी और मराठी अनुवाद वाली भी किताबें हैं। यह किताब मदरसे के कार्यवाहक प्रिंसिपल मौलवी तफसीरुल आरीफीन के कमरे से मिली है। मौलवी यह किताब बच्चों को पढ़ाता था।

अब आईबी और एटीएस मदरसा कमेटी को मिलने वाले फंड को ट्रेस कर रही है। कमेटी के मैनेजर शाहिद ने बताया - विदेश और देश के अलग-अलग शहरों के लोग हम इमदार (मदद) के रूप में पैसे भेजते हैं। यह पैसा बच्चों की तालीम, उनके रहने-खाने पर खर्च होता है। साथ ही, मदरसा चलाने के खर्च भी हैं। कमेटी ने आईबी और एटीएस के



सामने खर्च का लेखा-जोखा रखा है। जब इन और एटीएस ने इस लेखा-जोखा के जरिए चंदा को ट्रेस करना शुरू किया, तब सऊदी अरब, दुबई और तुर्की के कनेक्शन सामने आए। बच्चों की पढ़ाई के लिए मिलने वाला चंदा विदेशी अकाउंट से आ रहा था। जांच कर रहे अधिकारियों ने पैसा भेजने वाले लोगों की पहचान तो उजागर नहीं की है। मगर इनका पाकिस्तान से कनेक्शन तलाशा जा रहा है। इन बैंक अकाउंट को हैंडल करने वाले लोगों की कुंडली एजेंसियां खंगाल रही हैं।

**12 लोगों के बैंक अकाउंट टारगेट पर :** मदरसा कमेटी के लोगों से करीब 3 घंटे पूछताछ की गई। सामने आया कि मौलवी मोहम्मद तफसीरुल आरीफीन प्रिंसिपल बनने के बाद चंदा के लिए विदेश में बैठे सभी लोगों के संपर्क में था। बताया गया कि भारत के ही जो लोग विदेशों में बस गए हैं, वहीं बच्चों की तालीम के लिए रुपए भेज रहे थे। जांच एजेंसी ने मदरसा चला रही कमेटी से जुड़े 12 लोगों के बैंक अकाउंट की डिटेल मांगी है। बैंक एडमिनिस्ट्रेशन ब्योरा जल्द ही एजेंसी के साथ साझा कर लेगा। इसके बाद सामने आएगा कि अलग-अलग तारीखों में किस तरह से पैसा आया है। सुरक्षा एजेंसी ने प्रिंसिपल मौलवी मोहम्मद तफसीरुल आरीफीन के परिवार और रिश्तेदारों के बैंक अकाउंट की डिटेल भी तलाश रही है।

**जाहिर खान नकली आधार कार्ड बनाने का एक्सपर्ट :**

मौलवी के साथ पकड़े गए जाहिर खान उर्फ अब्दुल जाहिर को लेकर भी नया खुलासा हुआ है। वह ओडिशा के चाना बाशुदेवपुर का रहने वाला है। उसके पास से कई आधार कार्ड मिले, जोकि फर्जी बताए जा रहे हैं। जाहिर खान फर्जी आधार कार्ड बनाने का काम भी करता था। IB के साथ पूछताछ में जाहिर ने स्वीकार किया है कि ओडिशा में उसका भाई भी फर्जी आधार कार्ड और पहचान के दस्तावेज बनाता है। प्रयागराज आने के बाद यहां कुछ लोगों के उसने फर्जी आधार कार्ड बनाए हैं। वह लोग कौन हैं? यह अभी नहीं पता चला है। बाद में इन लोगों ने मिलकर नकली नोट छापना शुरू कर दिया।


**मदरसा से जुड़े लोग विदेश भी आते-जाते रहे :** इनपुट मिले हैं कि इस मदरसा से जुड़े लोग पिछले 5 साल में विदेश आते-जाते रहे हैं। वह किन लोगों से मिले। भारत के ही दूसरे राज्यों से कौन-कौन मदरसा में आया। ऐसे लोगों को भी ट्रेस किया जा रहा है।

**एफएसएल रिकवर करेगा मौलवी के मोबाइल का डेटा :**

मदरसा में छापामारी के बाद पुलिस ने मौलवी मोहम्मद तफसीरुल आरीफीन, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद जाहिर के मोबाइल कब्जे में लिए। पुलिस की जांच नकली नोटों तक रही। अब बच्चों के ब्रेनवाश का मामला भी सामने आया है। मोबाइल का डेटा को रिकवर करने के लिए फोरेंसिक साइंस लैब की जरूरत पड़ी है। एफएसएल जांच के लिए इनके आरोपियों के मोबाइल भेजे जाने की तैयारी है। इसके बाद आरोपियों के विदेश कनेक्शन सामने आएंगे।

**80 साल पुराना है मदरसा :**

प्रयागराज में यह मदरसा करीब 80 साल पुराना है। मौलवी मोहम्मद तफसीरुल आरीफीन 3 साल से प्रिंसिपल है। इससे पहले उसके पिता आशिकुल रहमान प्रिंसिपल थे। उनकी शहर में अच्छी पहचान थी। कोविड की वजह से उनकी मौत हो गई। इसके बाद उनके बेटे मौलवी मोहम्मद तफसीरुल आरीफीन को कार्यवाहक प्रिंसिपल बनाया गया। करीब 6 साल से वह मदरसा के बच्चों को पढ़ाता आ रहा है। हर साल औसतन करीब 105 बच्चे इस मदरसा से पढ़कर बाहर आते हैं। अब उन्हें ही जांच एजेंसी तलाश रही है। एजेंसियां मान रही है कि मौलवी ने उनके दिमाग में क्या फीड किया, यह पता करना बहुत जरूरी हो गया है। एजेंसी के पास कई बच्चों के नाम-पते हैं। वह इन बच्चों से संपर्क कर रही है।



## हाईकोर्ट समाचार

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा- ताश और रमी खेलना जुआ नहीं,ये कौशल और मनोरंजन के खेल हैं

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है- पोकर (ताश का खेल) और रमी जुआ नहीं, कौशल के खेल हैं। मनोरंजक गेमिंग गतिविधियों को करने की अनुमति देने से इनकार करने के लिए अधिकारी को ठोस तथ्य रिकॉर्ड पर लाने चाहिए। अगर ऐसा होता है, तो अधिकारी कानून के तहत जरूरी कार्रवाई कर सकते हैं। न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने यह फैसला मेसर्स डीएम गेमिंग प्राइवेट लिमिटेड बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य की याचिका पर दिया।

**जुआ मानकर किया था परमिशन देने से इनकार**

24 जनवरी, 2024 को डीसीपी सिटी कमिश्नरेट की ओर से एक आदेश जारी हुआ था। इसमें एक गेम जोन चलाने की इजाजत देने से इनकार कर दिया गया था। वहां पोकर और रमी खेला जाना था। इसके खिलाफ मेसर्स डीएम गेमिंग प्राइवेट लिमिटेड ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में तर्क दिया- केवल इजाजत देने से इनकार करना इस अनुमान पर आधारित था कि ऐसे खेलों से शांति और सद्भाव में बाधा पैदा हो सकती है। वकील ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले और अन्य हाईकोर्ट के आदेशों का भी हवाला दिया। वकील ने कहा- पोकर और रमी कौशल के खेल हैं, न कि जुआ। इस तरह की धारणाएं इजाजत देने से इनकार करने के लिए वैध कानूनी आधार नहीं बनाती।

# डॉ. राधाकृष्णन जैसा शिक्षक ही आज के समय में अनुकरणीय

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज के कला एवं संस्कृति समिति के द्वारा शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का शिक्षा में योगदान विषय पर संभाषण प्रतियोगिता संपन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी संकायों से प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान शिक्षक शिक्षा विभाग के प्रज्जवल सिंह, द्वितीय स्थान पर कला संकाय के सुनील कुमार (बीए प्रथम सेमेस्टर) तथा तृतीय स्थान पर शिवानी पाल (बीए प्रथम सेमेस्टर) रहीं। इस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ सब्यसाची, निदेशक जमुनीपुर परिसर एवम् अधिष्ठाता कला संकाय एवं प्रो.विनोद कुमार पांडे, अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय रहे। प्रतियोगिता संपन्न होने के पश्चात प्राध्यापकों ने अपने उद्बोधन में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सभी पक्षों पर प्रकाश डाला तथा उनके बताएं आदर्श को आत्मसात करने की बात कही।विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग डॉ हिमांशु शेखर सिंह ने अपना उद्बोधन दिया तथा परिणाम की घोषणा शिक्षक-शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ देवेंद्र यादव जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ साधना त्रिपाठी द्वारा किया गया एवं पूरे कार्यक्रम का संयोजन एवम् संचालन डॉ श्रवण मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा ममता मिश्रा, डॉ मंजू शुक्ला, डॉ प्रदीप मिश्रा, डॉ अभिषेक तिवारी, डॉ रामेंद्र तिवारी, डॉ अवधेश कुमार, डॉ आलोक मिश्र, डॉ उत्तम कुमार, डॉ भूप नारायण शुक्ला, डॉ राघवेंद्र मालवीय, श्री विमलेश दुबे सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज के तत्वाधान में दिनांक 14.09.2024 को प्रात 10:00 बजे से जनपद न्यायालय, प्रयागराज व समस्त तहसील में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा ' जिसमें पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना वाद, राजस्व संबंधित वाद, बैंक के ऋण संबंधी वाद, विद्युत संबंधी वाद, फौजदार वाद, आपसी सुलह समझौते के आधार पर होने वाले समझ वादों का निस्तारण किया जाएगा ' दिनांक 14.9.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु आज दिनांक 4.9.2024 को आर्बिट्रेशन वादों से सम्बंधित समस्त अधिवक्ताओं की बैठक समय 1.30 बजे नोडल अधिकारी श्री रविकांत द्वितीय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में आयोजित की गई जिसमें समस्त अधिवक्ताओं को आर्बिट्रेशन वादों के अधिकाधिक निस्तारण हेतु निर्देश प्रदान किए गए' सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा आर्बिट्रेशन वादों के नोटिस तमिल पर विशेष बल दिया गया। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई ।



# दूसरे दिन भी एनपीएस और यूपीएस का विरोध प्रदर्शन जारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** लगातार दूसरे दिन प्रयागराज जिले के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में समस्त शिक्षक और कर्मचारियों ने बाह में काली पट्टी बांधकर एनपीएस और यूपीएस का विरोध प्रदर्शन जारी रखा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश संरक्षक डॉक्टर हरि प्रकाश यादव ने एनपीएस और यूपीएस जैसी काले कानून को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना को बहाल किये जाने का सरकार से अनुरोध किया। जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार ने कहा कि अगर सरकार हमारी बात नहीं मानती है तो हम प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय में विशाल धरना प्रदर्शन करेंगे और उसके बाद भी सरकार अपनी हठ धार्मिता पर कायम रहती है तो दिल्ली के रामलीला मैदान में पुनः एक बार फिर से विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुशवाहा ने कहा कि अटेवा के द्वारा निर्धारित किए गए समस्त कार्यक्रम को एकजुट अपना पूर्ण समर्थन प्रदान करता है।

# हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने महिलाओं को लेकर गलत आचरण में अध्यक्ष को एक माह के लिए हटाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हाई कोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद ने एक महत्वपूर्ण बैठक करते हुए कार्यकारिणी की आकस्मिक बैठक बुधवार को समय 3:30 बजे बुलाई गई , जिसमे विभिन्न प्रस्ताव- पारित हुए । जिससे पिछले चार महीने से शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात बार काउंसिल के अध्यक्ष द्वारा की जा रही मनमानी और मनमाने आदेशों के विरूद्ध आकस्मिक बैठक बुलायी गयी। इस बैठक में अध्यक्ष अनिल तिवारी उपाध्यक्ष अग्निहोत्री कु० त्रिपाठी उपाध्यक्ष अखिलेश कु० मिश्रा कार्यकारिणी सदस्य अवधेश कुमार मिश्र एवं रत्नेश कुमार पाठक, अमरनाथ त्रिपाठी की अनुपस्थिति में 22 पदाधिकारियों की उपस्थिति मे राजेश खरे वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में महासचिव विक्रान्त पाण्डेय द्वारा संचालित बैठक में निम्न प्रस्ताव पारित किये गये। बता दे की कार्यकारिणी के बहुमत के द्वारा निरस्त करते हुए महासचिव को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नियमावली के प्राविधानों के तहत अधिकृत किया जाता है कि समस्त आदेश भविष्य में महासचिव द्वारा पारित किये जायेगें और अध्यक्ष का हस्तक्षेप इसमे वर्जित किया जाता है। अध्यक्ष द्वारा मनमाने ढंग से महासचिव द्वारा गठित समितियों को भंग करके अपने हितबद्ध पदाधिकारियों को उक्त समितियों का कार्यभार सौंपा जा रहा था जिसे कार्यकारिणी द्वारा बहुमत से अवैधानिक घोषित किया गया ओर इस संदर्भ में भी महासचिव को समस्त अधिकार सौंपे जाते हैं। तथा कार्यकारिणी के गठन के पश्चात जितनी भी कार्यकारिणी की बैठक हुयी या कार्यकारिणी की महिला पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण जब भी अध्यक्ष के सामने जाते तो अध्यक्ष जी द्वारा अश्लील टिप्पणियां करके उनसे अभद्र व्यवहार किया जाता था, जिसकी शिकायत सभी महिला पदाधिकारी तथा महिला कर्मचारियों द्वारा महासचिव से मौखिक रूप से सूचित किया गया और यही नहीं महिला कर्मचारियों द्वारा यह भी महासचिव को सूचित किया गया कि अध्यक्ष जी द्वारा उन्हें अपने आवास पर या कहीं अन्यत्र अकेले मिलने के लिए बुलाया जाता था जो बहुत ही शर्मनाक और अमर्यादित आचरण रहा है। जिसकी कार्यकारिणी के सदस्य बहुमत से निन्दा एवं भ्रर्त्सना करते हैं। कार्यकारिणी द्वारा बहुमत से यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि अध्यक्ष द्वारा महासचिव और संयुक्त सचिव प्रशासन को धोखे में रखकर हाई कोर्ट में लम्बित पी०आई०एल० में हाई कोर्ट बार एसोसिएशन की तरफ से न्यायविद् हनुमान मन्दिर को तोड़े जाने का पक्ष रख दिया गया जो पूर्णतः गलत है और कार्यकारिणी बहुमत से इसका विरोध करती है। वही अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 13.09.2024 को बिना कार्यकारिणी की सहमति के आम सभा का आवाहन किया गया है जबकि आम सभा बुलाने का अधिकार बाईलाज के हिंसाब से मात्र महासचिव को है। अतः अध्यक्ष महोदय द्वारा आहूत आमसभा का आदेश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। कार्यकारिणी द्वारा बहुमत से यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि अध्यक्ष महोदय द्वारा पदग्रहण के बाद से लगातार किये जा रहे मनमाने रवैये और अभद्र आचरण के फलस्वप तत्काल प्रभाव से उनकी सदस्यता सहित एक माह के लिए निलम्बित किया जाता है और उन्हें चेतावनी दी जाती है कि यदि उन्होंने अगले एक माह में अपने आचरण में सुधार नहीं किया तो उनकी सदस्यता रद्द करने के लिए आम सभा आहूत की जाएगी। पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की पुष्टि की गयी। कार्यकारिणी की बैठक प्रस्तावों के साथ स्थगित की जाती है और अगली बैठक के लिए बाद में सूचना जारी की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से राजेश खरे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुभाष चन्द्र यादव उपाध्यक्ष, नीरज त्रिपाठी उपाध्यक्ष, श्रीमती नीलम शुक्ला उपाध्यक्ष, विक्रान्त पाण्डेय महासचिव, सुमित कुमार श्रीवास्तव संयुक्त सचिव प्रशासन, अभिजीत कुमार पाण्डेय संयुक्त सचिव लाईब्रेरी, पुनीत कुमार शुक्ला संयुक्त सचिव प्रेस, आंचल ओझा संयुक्त सचिव महिला, रणविजय सिंह कोषाध्यक्ष, उदिशा त्रिपाठी, कु० मनीषा सिंह, किरन सिंह, अभिषेक मिश्रा, अभिषेक तिवारी, सच्चिदानन्द यादव, दिनेश यादव, राजेश शुक्ला, सर्वेश्वर लाल श्रीवास्तव, वेद प्रकाश ओझा, बलदेव शुक्ला, बृजेश कमार सिंह सेंगर आदि समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रहे।

# डीएम ने पांच अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

## एनआईसी सभागार में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण


अभ्यर्थियों से नियुक्ति पत्र देते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन आयोग के माध्यम से निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत 1134 अवर अभियन्ता, संगणक एवं फोरमैन के चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ के लोकभवन में नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया जिसका सजीव प्रसारण एन0आई0सी0 सभागार आयोजित किया गया जिसका अवलोकन जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार व अभ्यर्थियों द्वारा किया गया।

इसी क्रम में जनपद के चयनित पांच अभ्यर्थियों को जिलाधिकारी संजीव रंजन ने एनआईसी सभागार में नियुक्ति पत्र का वितरण किया। जिलाधिकारी ने जिन पांच अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया उनमें सुरेन्द्र कुमार पटेल अवर अभियन्ता (सिविल), शोभित कुमार श्रीवास्तव अवर अभियन्ता (जल), सौरभ प्रताप सिंह अवर अभियन्ता (कृषि अभियन्त्रण), सूरज सिंह अवर अभियन्ता (कृषि अभियन्त्रण) व सन्दीप कुमार अवर अभियन्ता सम्मिलित है। इस दौरान जिलाधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी और कहा कि आप सभी पूरी लगन, ईमानदारी, पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ अपने अपने विभागों में अपना योगदान प्रदान करें तथा आपके विभागीय अधिकारी आपके कार्य सम्पादन में पूर्ण सहयोग करेगें। उन्होने कहा कि सरकारी कार्यो में आम जनमानस से मुलाकात, विभागीय पत्रावली, योजनाओं का सकुशल संचालन आदि महत्वपूर्ण कार्य होते है। सभी चयनित अभ्यर्थी अपने कार्यो एवं दायित्वों का भलि-भांति निर्वहन करें और योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें, लोगों की समस्याओं का निदान भी करें।

# एक घंटे की तेज वर्षा से शहर की मुख्य मार्ग जलमग्न

## मौसम हुआ सुहावना, गर्मी से मिली राहत


बाबागंज के पास जलभराव के बीच गुजरते वाहन।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज दिन में तेज धूप निकली थी लेकिन अपरान्ह तीन बजे के बाद मौसम बदलना शुरु हुआ और साढे.तीन बजे से तेज वर्षा शुरु हुई। एक घंटे तक हुई तेज वर्षा से शहर के कई मुख्य मार्ग जलमग्न हो गये जिसमें प्रयागराज-अयोध्या मार्ग पर एमडीपीजी कालेज के सामने, बाबागंज में जलभराव के बीच में वाहन गुजर रहे थे। इसके अलावा रेलवे स्टेशन रोड पर घुटने भर पानी भर गया था जिससे यात्रियों को रेलवे स्टेशन आने-जाने में दिक्कत हुई। तिलक इंटर कालेज का मैदान, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सार्वजनिक निर्माण विभाग का डाक बंगला के अलावा गली-कूचे पानी से लबालब हो गये। बहुत लोगों के घरों व दुकानों में पानी घुस गया जिससे लोगों को परेशानी हुई। राजमार्ग व स्टेशन रोड पर जलभराव होने से आने-जाने वालों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। बता दें कि कई दिनों से लोग भीषण गर्मी से परेशान थे लेकिन दूसरी बेला मौसम बदला और झमाझम बारिश हुई। इससे तापमान घटा है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। एक घंटा हुई वर्षा में 46 मिलीमीटर पानी बरसा है और तापमान घटकर न्यूनतम 25 डिग्री और अधिकतम 36 डिग्री रिकार्ड किया गया।

# दीपशिखा को गोल्ड व शिवानी को ब्रांज मेडल से सम्मानित करेंगी राज्यपाल


राज्य विश्वविद्यालय में चयनित छात्राएं।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बद्री नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय सकरौली मादूपुर की दो छात्राओं ने राज्य विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। परास्नातक गृहविज्ञान विषय में दीपशिखा सिंह पुत्री राजेन्द्र बहादुर सिंह ने 83.75 फीसदी अंक के साथ टॉप किया है। परास्नातक प्राचीन इतिहास में शिवानी तिवारी पुत्री विनोद कुमार तिवारी ने 82.71 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान बनाया है। दोनों छात्राओं को कुलाधिपति राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 10 सितंबर को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मानित करेंगी। चेयरपर्सन डा.अंजना सिंह सेंगर ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। निदेशक संजय सिंह, प्राचार्य डा.डीपी सिंह, फौजदार सिंह,रंजन सिंह, धनन्जय प्रताप सिंह आदि ने दोनों छात्राओं को बधाई दी।

## जिले के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य को राष्ट्रपति करेंगे सम्मान

**प्रतापगढ़।** जिले के परिषदीय विद्यालय के शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए चयनित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में प्रदान किया जाएगा। श्याम प्रकाश मौर्य प्रतापगढ़ के मान्धाता ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय, मल्हूपुर में कार्यरत हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 'राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए देश भर से 50 शिक्षकों के नामों की घोषणा की है। चयनित शिक्षकों को पुरस्कार स्वरूप 50-50 हजार रुपए नगद, चांदी का मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत नवाचारात्मक तरीकों से पठन-पाठन को प्रोत्साहित किया है। बता दें कि श्याम प्रकाश मौर्य ने मान्धाता विकासखंड के मल्हूपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में परिषदीय बच्चों को पीपीटी (प्रेजेंटेशन) के माध्यम से पढ़ाई कराई। वे प्रोजेक्टर के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग कर बच्चों को इस प्रकार से पढ़ाते हैं कि वे विषयों को आसानी से समझ सकें।

# पीबीपीजी कालेज में लगी पुस्तक प्रदर्शनी

## उमड़ी छात्र-छात्राओं की भीड़


पुस्तक प्रदर्शनी में पुस्तक देखती छात्राएं।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पीबीपीजी कालेज सिटी में बुधवार को पुस्तक प्रदर्शनी लगी जिसमें छात्र-छात्राओं की भीड़ उमड़ी। शुभारंभ पीएनबी के मुख्य शाखा प्रबंधक अभिषेक गहोई, प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीपक प्रज्ज्वलित कर किया।

प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सामाजिक जीवन की शुरुआत ही किताब है। पुस्तकें आशा और विश्वास है। डिजिटिल युग में भी पुस्तकें ही विश्वशनीय है। यह अभिभावक की तरह व्यवहारिक ज्ञान देती हैं। किताबें सदैव कुछ देती हैं। मेले में लगी पुस्तकों के बारे में राजकमल प्रकाशन के अंजनी कुमार मिश्र,लोकभारती के राजकुमार व राधाकृष्ण प्रकाशन के अरुण कुमार मिश्र ने पुस्तकों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। संचालन डा.शिव प्रताप सिंह ने किया। प्रो.उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो.रामराज, डा.वर्षा जायसवाल, डा.जितेंद्र सैनी, डा.देवेश सिंह, डा.नीरज त्रिपाठी, अजीत सिंह, डा.दिनेश कुमार, नीरज पांडेय, राकेश सिंह, अजय सिंह, सूरज पाल, रवि प्रकाश सिंह, विनोद मौर्य, प्रशांत शुक्ल आदि मौजूद रहे। बता दें कि ज्यादा पसन्द की जाने वाली पुस्तकें एवं उनके लेखकों में वर्चस्व-आइपीएस राजेश पांडेय, मैला आंचल-फडीश्वरनाथ रेणु, भारत का संविधान-सुभाष कश्यप, जिलाधिकारी एक चुनौतियां - आइएएस आलोक रंजन, रश्मिरथी-रामधारी सिंह दिनकर, रागदरबारी-श्रीलाल शुक्ल, चित्रलेखा-भगवतीचरण वर्मा, तुम्हारी औकात क्या है-पीयूष मिश्र, गोदान-मुंशी प्रेमचन्द्र, सूचना का अधिकार-विष्णु राजगढ़िया व अरविंद केजरीवाल, हिंदी व्याकरण-भगवत प्रसाद गुप्त, भारत इतिहास और संस्कृति-गजानन माधव, अप्सरा-सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, चूड़ी बाजार में लड़की-कृष्ण कुमार, आदमी की निगाह में औरत-राजेन्द्र यादव व बधिया स्त्री-जर्मन ग्रेयर शामिल रहीं।

# नहीं हुआ काम, हो गया लाखों का भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जिले में यूं तो मनरेगा में भ्रष्टाचार किसी बू से छिपा नहीं है, किन्तु जनपद के आसपुर देवसरा ब्लाक में मनरेगा में भ्रष्टाचार इस कदर हाबी हुआ कि कर्मचारियों व अधिकारियों ने सरकार की जीरो टालरेंस नीति को धता बताते हुए बगैर कार्य के ही लाखों रूपये का भुगतान कर डाला। इस सम्बंध में डीएम से शिकायत होने के बाद विभाग में खलबली मची है। प्रकरण को लेकर मचे घमासान के बीच ही ब्लाक परिसर में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट का मामला भी सामने आया है। अब देखना है कि शिकायत के बाद जिम्मेदारों के विरूद्ध जिला प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

पूरे मामले पर गौर करें तो आसपुर देवसरा ब्लाक जिले का एक चर्चित ब्लाक है। इस ब्लाक के अन्तर्गत आने वाली ग्रामसभा रत्तीपुर व गहबरा में बिना विकास कार्य किये ही मनरेगा का भुगतान करा दिया गया। सूत्रों की माने तो ग्रामसभा गहबरा में मनरेगा के तहत 23 लाख 73 हजार व रत्तीपुर में 9 लाख 56 हजार का भुगतान विभागीय कृपा के चलते कर दिया गया। इतना ही नहीं इसी विकास खंड के अन्तर्गत आने वाली उदईशाहपुर ग्रामसभा में मनरेगा के तहत कराये गये विकास कार्य के नाम पर 6 लाख 24 हजार का भुगतान कर दिया गया। हालांकि इस भुगतान को लेकर काफी गहमा गहमी रही। आरोप है कि कार्य वर्तमान ग्राम प्रधान के द्वारा कराया गया और उसका भुगतान पूर्व प्रधान को कर दिया गया।

## भ्रष्टाचार के मामले को सदन में उठाऊंगाः राम सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली विकास खंड आसपुर देवसरा में हुए भ्रष्टाचार व फर्जीवाड़े के बावत पूंछे जाने पर सपा के पट्टी विधायक राम सिंह पटेल ने कहा कि प्रकरण उनके संज्ञान में है। उन्होनें कहा कि मैनें जिलाधिकारी को इस सम्बंध में जानकारी देते हुए कार्यवाही किये जाने की बात कही है। यदि संतोषजनक कार्यवाही नहीं होती है तो मैं इस प्रकरण को सदन में उठाऊंगा। मामले में थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा संतोष कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया की ऐसे किसी भी घटना की शिकायत नहीं मिली है तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भुगतान को लेकर बीडीओ के सामने हुई मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विकास खंड आसपुर देवसरा के ग्रामसभा उदईशाहपुर में हुए विकास कार्य जो मनरेगा के तहत कराये गये थे। उसके भुगतान को लेकर मंगलवार की दोपहर दो पक्षों के बीच में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की यह घटना बीडीओ अभिषेक सिंह के सामने हुई। जानकारी पर पता चला कि मौजूदा ग्राम प्रधान ने विकास कार्य कराया था, लेकिन भुगतान पूर्व प्रधान को कर दिया गया।

जब यह जानकारी वर्तमान प्रधान को हुई तो वह आग बबूला हो गया। दोनों पक्ष आमने सामने हो गये। बातचीत व तू-तू मैं-मैं के बाद मामला हाथा पाई तक उतर आया। हालांकि कुछ लोगों के बीच बचाव के बाद स्थिति नियंत्रण में आई। ब्लाक परिसर में हुई मारपीट की घटना के बावत पूंछे जाने पर खंड विकास अधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि उदईशाहपुर ग्रामसभा के पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान के बीच विवाद की घटना सही है। किसी भुगतान को लेकर दोनो पक्ष आमने-सामने थे। प्रकरण को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में दिया जायेगा।

# नगर पालिका की निर्माणाधीन सड़क को प्रधानाध्यापिका ने स्कूली बच्चों से तुड़वाया

## मामला नगर के प्राथमिक विद्यालय बलीपुर प्रथम के समीप का


स्कूली बच्चों द्वारा तोड़ी गई नगर पालिका की निर्माणाधीन सड़क।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के प्राथमिक विद्यालय बलीपुर प्रथम एवं स्कूल के बगल रहने वाले नागरिकों को आए दिन वर्षा से जलभराव का सामना करना पड़ता है। बच्चों को भी स्कूल आने में दिक्कत होती है।

इसे देखते हुए नगर पालिका ने आठ फिट चैड़ी इंटरलाकिंग सड़क व नाली बनाने का कार्य स्वीकृत कर निर्माण शुरु किया तो स्कूल की प्रधानाध्यापिका को शायद यह पसंद नहीं आया कि उनकी इजाजत के बिना स्कूल के बगल कैसे निर्माण हो रहा है। शायद उन्हें जलभराव ही पसंद है। वह सड़क निर्माण का विरोध भी नहीं की बल्कि अपने स्कूली बच्चों से निर्माणाधीन सड़क का एक हिस्सा भी गिरवा दिया। इसकी शिकायत वहां के लोगों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह से की। इस मामले में एसडीएम सदर ने नगर पालिका के निर्माणाधीन कार्य को रुकवाने पर तहसील के लेखपाल व कानूनगो से नापजोख कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। वहां के लोगों ने बताया कि नाप जोख सड़क स्वीकृत होने के पहले भी तहसील प्रशासन कर चुका है। इसके बाद नगर पालिका ने वहां सड़क निर्माण का प्रस्ताव किया था। देखना है कि यह सड़क कब फिर शुरु होती है।

# दिल्ली से घर लौट रही महिला के बैग से नगदी व सोने चांदी के गहने गायब

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दिल्ली से बच्चों के साथ अपने घर लौट रही विवाहिता की बैग से सोने चांदी के गहने व नगदी गायब हो गई।

घटनास्थल कधई थाना क्षेत्र में होने होने पर पुलिस क्षेत्राधिकार पट्टी से की गई। उन्होंने कधई पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के धुई गांव निवासी शोभावती पत्नी धर्मेंद्र पांडे पति वा बच्चो के साथ दिल्ली शहर में रहती है। वह अपने बच्चों के साथ पद्मावत ट्रेन से घर आ रही थी। वह प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन पर उतरी तो वहां एक ऑटो खड़ा था। जिस पर पहले से ही कुछ सवारियां बैठी हुई थी। तेरह मील पहुंचने पर कुछ सवारियां उतरी तो ऑटो चालक श्याम बाबू सोनी निवासी प्रतापगढ़ ने महिला से कहा कि आप अपनी बैग एक बार देख ले। महिला का आरोप है कि बैग देखने पर बैग कटी हुई मिली।उसमें से सोने की चेन, झुमका, दो अंगूठी, तीन जोड़ी पायल, कान का झाला, लगभग 5000 नगदी बैग को काटकर किसी ने निकाल लिया था। महिला ने 13 112 पुलिस को सूचना दी। 112 पुलिस महिला को लेकर पट्टी कोतवाली पहुंची। जहां से घटनास्थल कधई थाना में होने के कारण महिला को वहा जाने की सलाह दी गई। महिला सीओ पट्टी को अपनी पीड़ा सुनाई। सीओ पट्टी ने तुरंत ही दीवानगंज चौकी इंचार्ज को बुलाकर ऑटो चालक को पुलिस के हवाले कर दिया और कार्रवाई का आदेश दिया है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्र अधिकारी पट्टी आनंद राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है दीवानगंज चौकी इंचार्ज को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं अन्य विधि कार्यवाही की जा रही है।

# गुरुद्वारा में अखण्ड पाठ साहिब का हुआ समापन, रागी भाई ने किया कीर्तन


गुरुद्वारा में कीर्तन करते लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** गुरुद्वारा गुरु सिंघ सभा पंजाबी कालोनी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पहले प्रकाश दिवस के उपलक्ष पर सोमवार से आरंभ हुए श्री अखण्ड पाठ साहिब का आज सुबह 8.30 समापन हुआ। इस मौके तपर 25 सहज पाठ कर रहे लोगों का भी आज गुरुद्वारा साहिब में समापन हुआ।

बता दें कि गुरुद्वारा साहिब को काफी अच्छे ढंग से सजाया गया था। पाठ साहिब की समाप्ति उपरांत हजूरी रागी भाई सिकंदर सिंघ जी ने अपने जत्थे के साथ कीर्तन किया व विस्तार पूर्वक श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के बारे में बताया। गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश 1604 को आज से 420 वर्ष पूर्व में आज के दिन पांचवे गुरु गुरू अरजन साहिब द्वारा गुरु राम दास जी द्वारा लिखित ग्रंथ को बाबा बुड्ढा जी को अमृतसर में (हरिमंदिर) साहिब का प्रथम हेड ग्रंथी नियुक्त कर, आपसे गुरु ग्रंथ साहिब जी का पहला प्रकाश करवाया। पौने ग्यारह बजे अरदास हुई। प्रसाद वितरण के बाद सभी में लंगर वितरण किया गया। अंत में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने सभी को उपहार व सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुलदीप सिंघ अध्यक्ष, सरदार सतनाम सिंघ जसबीर सिंघ, कुलविंदर सिंघ, सोनू, कुलदीप सिंघ (शंटी), रमनजीत, रघुबीर सिंघ, और सैकड़ों महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

# गमगीन माहौल में युवक का प्रयागराज मे किया गया अंतिम संस्कार

## दिल्ली कमाने गए युवक की अचानक मौत से परिजनों में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** परिवार के साथ दिल्ली कमाने गए युवक का आकस्मिक मौत हो गई। युवक के मौत की सूचना घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया। देर रात दिल्ली से शव घर पहुंचा तो ऐसा रुदल मचा की सभी की आंखें भर आई और बुधवार को गमगीन माहौल में प्रयागराज में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सराय महेश गांव निवासी अनिल सिंह का 29 वर्षीय बेटा संदीप सिंह, सिंटू पत्नी काजल के साथ दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। सोमवार को अचानक उसकी तबीयत खराब हुई तो परिजन उसे इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने जांचोंपरान्त मृत घोषित कर दिया। अचानक मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक संदीप सिंह का बड़ा भाई संजय सिंह भी साथ में ही रह रहा था। पूरा परिवार शव को बुधवार को एंबुलेंस से लेकर अपने पैतृक गांव सराय महेश पहुंचे। युवक का शव पहुचने पर पत्नी काजल बेटा प्रियांशु, मां पुष्पा, पिता अनिल सिंह समेत पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया। और बुधवार को गमगीन माहौल में प्रयागराज में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# प्रधान को डीएम ने जारी किया 95जी का नोटिस

## वित्तीय अनियमितता में हुई कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन फेज दो के तहत विकास कार्यों के लिए शासन से मिली धनराशि के गबन मे सेक्रेटरी पर निलंबन की कार्रवाई के साथ प्रधान को 95जी के तहत नोटिस जारी की गई है। कार्रवाई को लेकर विकास खण्ड मे लोगो के बीच हड़कंप का माहौल देखने को मिला।

स्थानीय विकास खंड स्थित जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत अगई में सेक्रेटरी लालचंद्र पाल ने स्वच्छ भारत मिशन फेज दो के तहत शासन से आई 14 लाख 28 हजार 141 रुपया विना कार्य कराए ही धनराशि को अपने चहेते फर्म संचालकों के खाते मे स्थानांतरित कर दिया। उक्त कार्यों की फोटो व बिल न दे पाने पर डीपीआरओ ने तीन सदस्यीय टीम गठित कर जॉच कराई तो पता चला कि कोई कार्य हुआ ही नही है। जाँच के आधार पर 3 सितंबर को डीपीआरओ ने आरोपित सेक्रेटरी को निलंबित कर दिया। मामले मे डीपीआरओ ने एडीपीआरओ को जांच अधिकारी नामित कर पखवारे भर में रिपोर्ट मांगी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर डीपीआरओ ने पंचायती राज अधिनियम 95जी के तहत नोटिस जारी करने की संस्तुति की।डीपीआरओ की संस्तुति पर डीएम ने 3 सितंबर को प्रधान रामकिंकर सरोज के विरुद्ध 95जी की नोटिस जारी कर दिया। सात दिन में प्रधान को साक्ष्य सहित जवाब दाखिल करना होगा। जवाब न देने पर प्रधान के अधिकार सीज कर रिकवरी की कार्रवाई की जाएगी।

## छह माह बाद हुई कार्रवाई, अन्य गांव भी निशाने पर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आरोपित सेक्रेटरी 21 फरवरी 2024 के पूर्व अगई में ही तैनात था। यहां से तबादला होने के बाद उसे रायपुर तियाई, बछवल मेढ़ावां व सरायजानमती की जिम्मेदारी मिल गई। आरोपित सेक्रेटरी के नवीन तैनाती वाले गांव भी अधिकारियों की नजर में है। सूत्रों की माने तो अधिकारियों का मानना है की आरोपित सेक्रेटरी लालचंद्र पाल के अन्य गावों की भी जांच हो सकती है।

## सेक्रेटरी को किया गया निलंबित

# जिला स्वच्छता समिति की बैठक कर डीएम ने दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

अखंड भारत संदेश





**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा बुधवार को उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यों की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी को सर्वे कराकर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने कहा कि लाभार्थियों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का उपयोग किया जा रहा है या नहीं, नियमित सत्यापन कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि नियमित भ्रमण कर सुनिश्चित किया जाय कि मॉडल ग्राम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में किये जा रहें सभी गतिविधियाँ क्रियाशील रहें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ (पं0) को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विकास खण्डों के 05-05 चयनित मॉडल ग्रामों का निरीक्षण कर रिपोर्ट फोटो सहित उपलब्ध करायेंगे। बैठक में प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट इकाई नेवादा एवं मंझनपुर की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विद्युत कनेक्शन का कार्य न होने के इकाई बन्द है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा विद्युत कनेक्शन का कार्य जल्द से जल्द कराकर इकाई को चालू कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन सुजीत शुक्ला ने बताया है कि 2024-25 में लक्ष्य 19406 के सापेक्ष कुल 22606 शौचालयों का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 7718 व्यक्ति पात्र पायें गयें, जिनकी एम0आई0एस0 करा दी गयी है, जिसमें से 4753 लाभार्थियों को 02 चरणों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 3755 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है एवं अभी भी 2965 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 998 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायकों द्वारा अभियान में कुल चयनित 408594 लाभार्थियों के शौचालयों का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 391973 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है, अवशेष 16621 लाभार्थियों के शौचालयों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है।

उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2024-25 में कुल 173 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 287 ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि गंगा एक्शन प्लान के तहत गंगा के किनारे अवस्थित 31 ग्राम पंचायतों को माडल घोषित किया जाना है, जिसमें 30 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 41 ग्रामों को मॉडल ग्राम घोषित किया जा चुका है। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराए गए कार्यों पर विचार-विमर्श, व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण पर विचार-विमर्श, व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग कराए जाने पर विचार-विमर्श,वित्तीय वर्ष 2024-25 में व्यक्तिगत शौचालय, आईईसी/प्रचार-प्रसार मद, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन तथा प्रशासनिक मद एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में गंगा एक्शन प्लॉन के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष वित्तीय प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु, चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर, एनआरसी सेंटर एवं वन स्टाप सेंटर का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश, वन स्टाप सेंटर में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के द्वारा बुधवार को 8.30 बजे रात्रि में संयुक्त जिला चिकित्सालय, मंझनपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय केवल डा0 एस0के0 शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं कुछ मेडिकल स्टॉफ उपस्थित मिले। इमरजेंसी में एक जूनियर रेजीडेंट डा0 अम्बुज एवं लेबर रूम में एक जूनियर एवं एक सीनियर रेजीडेंट गायनको लॉजिस्ट उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त चिकित्सालय में एनेस्थिस्ट, सर्जन, पीड्रियाटीशियन, फिजीशियन, आर्थोपैडिक डॉक्टर सभी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के समय डा0ए0के0 सिंह, फिजीशियन उपस्थित हुए। इन चिकित्सकों के उपस्थित न रहने के सम्बन्ध में पूँछे जाने पर सीएमएस द्वारा बताया गया कि आवश्कता पड़ने पर आनकाल बुलाया जाता है, जिस पर कॉल करके आधे घण्टे तक प्रतीक्षा की गयी, किन्तु कोई भी चिकित्सक आनकाल उपस्थित नही हुए। यह स्थिति अत्यन्त असंतोषजनक है, इस स्थिति से यह परिलक्षित हुआ कि चिकित्सक जिला मुख्यालय में आवासित न होकर प्रयागराज या अन्यत्र निवास करते है। रात्रि. ड्यूटी पर एवं आनकाल अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। एनआरसी सेंटर का निरीक्षण किया गया, जहाँ पर छोटे बच्चे रखे गये हैं, जिनमें कई लो-वेट के हैं, इन पर विशेष ध्यान देने हेतु ड्यूटी पर उपस्थित एटेंडेंट को निर्देशित किया गया कि लो-वेट बेबी की समुचित देखभाल करें ताकि वे जल्दी इन्प्रूव करके अपने घर जा सकें। वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय वन स्टाप सेंटर में 10 लड़कियां थीं, आज एक नया केस आया है। निरीक्षण के समय ड्यूटी पर 03 लोग जिनमें एक काउन्सर, एक महिला एवं एक पुरूष होमगार्ड उपस्थित रहे। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वन स्टाप सेंटर की समुचित साफ-सफाई का विशेष ध्यान देते हुए सभी कार्य मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप ही सम्पादित किए जायें। प्रोबेशन अधिकारी कल तक यह रिपोर्ट देंगे कि इस वन स्टाप सेंटर में विगत वर्ष में प्राप्त/आवंटित बजट के सापेक्ष व्यय की क्या स्थिति रही।

## ईवीएम वेयर हाउस एवं एआरटीओ कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का औचक निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समस्त पटल सहायक अपने-अपने पटल पर उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा समस्त पटल सहायकों से उनके द्वारा किये जा रहें कार्यो के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, जिस पर पटल सहायकों द्वारा उनको आवंटित/किये जा रहें कार्यों के बारे में बताया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय प्रांगण में उपस्थित आमजन-मानस से बात-चीत करने पर एक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वह ड्राइविंग लाइसेन्स खो जाने के उपरान्त उसकी द्वितीय प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदन करने आया है। इसी प्रकार एक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वह वाहन को वरासत कराने के लिए सम्बन्धित पटल सहायक से जानकारी प्राप्त करने के लिए आया हैं एवं वहाँ पर उपस्थित अधिवक्ता से पूँछताछ करने पर बताया गया कि वह ड्राइविंग लाइसेन्स के नवीनीकरण के आवेदन के सम्बन्ध में आया हैं। निरीक्षण के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये।

## बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति का डीएम ने किया निरीक्षण




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा बुधवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण समिति, मंझनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति सचिव रामबाबू गुप्ता, सहायक विकास अधिकारी मंझनपुर अलोक सिंह एवं समस्त कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित पाये गये ।जिलाधिकारी ने गोदाम में रखे उर्वरकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय गोदाम में 948 बोरी यूरिया उर्वरक, 63 बोरी डी०ए०पी० उर्वरक, 356 बोतल नैनो यूरिया एवं 40 नैनो डी०ए०पी० उपलब्ध पाया गया, स्टॉक रजिस्टर से मिलान करने पर उर्वरकों का स्टॉक सही मात्रा में पाया गया। समिति पर उपस्थित कृषकों द्वारा बताया गया कि समिति से उर्वरक निर्धारित बिक्री दर पर ही प्राप्त होता है। समिति में मिनी बैंक भी संचालित हैं, जिसके खातेदार भी समिति पर उपस्थित पाये गये। समिति में साफ-सफाई एवं उर्वरकों का भण्डारण सही ढंग से पाया गया। समिति द्वारा खरीफ अभियान 2024-25 में अब तक 3984 बोरी यूरिया उर्वरक एवं 1237 बोरी डी०ए०पी० उर्वरक का वितरण किया गया है। समिति द्वारा 99 कृषकों को 62.84 लाख रू० का अल्पकालीन ऋण भी वितरित किया जा चुका हैं जिलाधिकारी ने सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि समिति पर उर्वरकों की समुचित उपलब्धता बनाये रखे तथा निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरकों का वितरण करें।

# मौत के मुंह में जाने के लिए एनएचएआई ने अझुवा का चौड़ीकरण दिया छोड

**अझुवा कौशाम्बी।** चकेरी से प्रयागराज तक सिक्स लेन सड़क बनाए जाने का जिम्मा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सरकार ने दिया था विभाग के अधिकारी अमन रोहिल्ला परियोजना निदेशक का कहना है कि 2019 से सिक्स लेन सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया था और मार्च 2024 में यह कार्य पूरा हो गया है लेकिन उनकी यह बातें पूरी तरह से गलत है सिक्स लेन सड़क का कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है उन्होंने अपने पत्र 02 अगस्त 2024 के माध्यम से लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड कौशाम्बी के अधिशासी अभियंता को सूचित किया है कि अझुवा एवं रूमा में भूमि की उपलब्धता एवं भूमि अधिग्रहण के दौरान लोगों के विरोध से अझुवा में सिक्स लेन सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा नहीं हो पाया और डिस्काप कर दिया गया है जबकि अझुवा के लोग सिक्स लेन चौड़ीकरण का समर्थन कर रहे हैं और बस्ती के बीच फ्लाईओवर की मांग कर रहे हैं सड़क बनाने का लोगों ने कहीं विरोध नहीं किया है लेकिन उसके बाद सड़क का कार्य रोक दिया गया है विभागीय अधिकारियों ने कहीं राजनीतिक दबाव में तो काम नहीं रोक दिया हैं। लोक निर्माण विभाग को भेजे गए पत्र में परियोजना

**नितिन गडकरी ने अझुवा में फ्लाईओवर बनाने की कही थी बात आखिर किसके दबाव में छोड़ दिया गया काम**


भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
National Highways Authority of India
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)
परियोजना निदेशक का कार्यालय, परियोजना कार्यान्वयन इकाई
Office of the Project Director, Project Implementation Unit
NHAI/PIU/KNP/ /2024/1025 Dated: 02 August, 2024
प्रति,
श्रीमान अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
कौशाम्बी
आपके कार्यालय का पत्रांक 1395/सी./24-25 दिनांक 26.07.2024.
[illegible]
उपरोक्त के संबंध मे अवगत कराना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-2 के चकेरी से इलाहाबाद खण्ड के 6 लेन चौड़ीकरण का कार्य जनवरी, 2019 से प्रारंभ होकर मार्च, 2024 में पूरा हो गया है। परन्तु कौशाम्बी के अझुवा एवं रूमा मे भूमि की अनुपलब्धता एवं भूमि अधिग्रहण के दौरान स्थानीय लोगों के विरोध की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण का कार्य ग्राम अझुवा में पूरा नही हो पाया और डिस्कोप कर दिया गया है।
सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित।
(अमन रोहिल्ला)
परियोजना निदेशक
भा.रा.रा.प्रा. प.क्रि.ई. कानपुर

निदेशक एनएचएआई अमन रोहिला ने स्वीकार किया है कि अझुवा में लोग दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं और जब उन्हें इस बात की जानकारी है कि अझुवा के लोग दुर्घटना के शिकार होते हैं अनगिनत लोगों की मौतें होती हैं तो अनगिनत लोगों की मौत को रोकने की जिम्मेदारी क्या एनएचएआई के अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं है तत्कालीन सांसद विनोद सोनकर और संबंधित जिम्मेदारो से मिलकर नगर के लोगो ने कई बार एलिवेटेड पुल ( हंडिया जैसा) या बाईपास की मांग की थी लेकिन कोई सार्थक हल नहीं हुआ था। अझुवा में सड़क चौड़ीकरण फ्लाईओवर का काम रोक दिए जाने से क्षेत्र के लोगों में सरकार और विभागीय अधिकारियों के प्रति जबरदस्त आक्रोश दिखाई पड़ता है और कभी भी सड़क पर उतरकर जन समुदाय विरोध प्रदर्शन कर सकता है सवाल उठता है कि जहां मौतें होती हैं लोगों की जिंदगी बचाना सरकार और अधिकारियों की जिम्मेदारी क्या नहीं है लेकिन इन बेवजह हो रही मौत को रोकने पर अधिकारी गंभीर नहीं है जिससे सरकार और उनके अधिकारियों की मंशा का अंदाजा लगाया जा सकता है यदि अझुवा में फ्लाईओवर और सड़क चौड़ीकरण करने का कार्य विभागीय अधिकारियों ने पूरा नहीं किया तो आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को भी आम जनता के आक्रोश का दंश भुगतना पड़ेगा जनता के जनताक्रोश का योगी सरकार को भी जबरदस्त सामना करना पड़ेगा।

## श्रमिकों को शत-प्रतिशत उपलब्ध कराएं रोजगार : जिलाधिकारी

**मनरेगा स्वतः रोजगार योजनान्तर्गत कराये जा रहें कार्यों की डीएम ने की समीक्षा**

**जिलाधिकारी ने प्रत्येक विकास खण्ड में 02 हॉट बाजार एवं 02 खेल के मैदान के लिए स्थान चिन्हित कर कार्य शुरू कराने के दिये निर्देश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में मनरेगा स्वतः रोजगार योजनान्तर्गत जनपद में कराये जा रहें कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मनरेगा योजनान्तर्गत कराये जा रहें कार्य यथा-मानव दिवस सृजन, अमृत सरोवर, मनरेगा अन्नपूर्णा भवन, इंटरलाकिंग-आन्तरिक सड़क निर्माण, स्कूल बाउण्ड्री, हॉट बाजार, नाला निर्माण, खेल मैदान, पंचायत भवन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, समतलीकरण एवं मेड़बन्दी, वृक्षारोपण एवं ससुर खदेरी नदी पुनरूद्धार कार्य सहित आदि कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड के बिन्दु पर समस्त विकास खण्डों में मनरेगा योजनान्तर्गत श्रमिकों को शत-प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रत्येक विकास खण्ड में 02 हॉट बाजार एवं 02 खेल के मैदान के लिए स्थान चिन्हित कर जल्द ही कार्य शुरू कराने के निर्देश दियें। हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अमृत सरोवरों के जो भी निर्माण कार्य करायें जा रहें हैं, उनमें तेजी लाते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाय। उन्होंने स्कूल, अस्पताल एवं ऑगनबाड़ी भवन केन्द्रों सहित अन्य जनोपयोगी स्थानों पर इंटरलॉकिंग के कार्य कराये जाने के भी निर्देश दियें। उन्होंने मनरेगा योजनान्तर्गत स्कूलों में कराये जा रहें बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि शेष जो भी निर्माण कराये जा रहें हैं, उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करा लिया जाय।इस अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु एवं जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य सम्बधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं विवाहिता को सास और पति

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र के रकसौली गांव की विवाहित अंजू देवी की शादी सैनी कोतवाली के गराई गांव निवासी उत्तम सिंह के साथ हुई थी लेकिन अभी शादी को 3 वर्ष का समय ही व्यतीत हुआ है और विवाहित अंजू देवी की सास दहेज में सोना चांदी व नगद रुपए कम लाने की बात कहकर अंजू देवी को लगातार मानसिक शारीरिक प्रताड़ित करती है अंजू की सास के चलते उसका पति भी अंजू की लगातार पिटाई कर रहा है अंजू ने बताया कि उसकी सास अपने सामने अपने बेटे को उस्काती है और पिटाई करवाती है 3 सितंबर की रात्रि लगभग 11:00 बजे अंजू के पति ने अंजू को बेरहमी से पिटाई किया है मौके पर सास मौजूद थी और बार-बार अपने बेटे को बल दे रही थी दीवाल में और खिड़की में मुंह लड़ा लड़ा कर विवाहिता को बेरहमी से मारा पीटा गया है बताया जाता है कि मुंह में कपड़ा ठूस कर तब तक गला दबाए रखा गया जब तक सांस लड़खड़ाने नहीं लगी जान निकलती देखकर उसे छोड़ दिया गया है ससुराल की प्रताड़ना से विवाहिता प्रताड़ित हो चुकी है जिस पर विवाहिता सैनी कोतवाली पहुंची और शिकायती पत्र देकर बताया कि शरीर के कपड़े उतार कर के विवाहिता की सास ससुर पिटाई करते रहे वह बचाव में गुहार लगाती रही पर किसी का दिल नहीं पसीना सैनी कोतवाली में मुकदमा लिखकर आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर विवाहिता अपने रिश्तेदारों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची है और दहेज लोभियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# विकासखंड को निपुण विकासखंड बनाने के लिए अभिभावक एवं शिक्षक टीम बनकर करेंगे प्रयास : डॉ. प्रज्ञा सिंह






**कौशाम्बी।** निपुण भारत के क्रियान्वयन एवं मिशन के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु खंड शिक्षाधिकारी प्रज्ञा सिंह द्वारा प्रा.वि.कशिया पूर्व प्रथम में बुधवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए, जिनका खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रज्ञा सिंह ने उपस्थित जन समुदाय, शिक्षक व बच्चों को संबोधित करते हुए शिक्षा चौपाल की आवश्यकता और शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा किया और शिक्षा को अच्छे नागरिक के निर्माण एवं समाज के उत्थान के लिए सबसे आवश्यक बताया तथा बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय समय से आने के लिए प्रेरित किया।खंड शिक्षाधिकारी द्वारा बच्चों को घर में रहते हुए भी माता-पिता की देखरेख में मोबाइल के द्वारा ऐप डाउनलोड करा कर के पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया, जिसमें दीक्षा, रीड

**शिक्षा चौपाल लगा अभिभावकों को किया गया जागरूक**

एलॉन्ग, निपुण लक्ष्य एप से आकलन करना आदि बताया गया।अभिभावकों व स्थानीय लोगों ने भी अपनी बात बढ़-चढ़कर के रखी। अभिभावकों द्वारा नियमित बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा विशेष ताली बजवाई गई तथा विद्यालय में अध्ययनरत निपुण छात्रों के अभिभावकों को माला फूल पहनाकर सम्मानित किया गया।एआरपी अवनीश मिश्र द्वारा अभिभावकों को निपुण भारत अभियान की जानकारी दी गई एवं अपने बच्चों की शिक्षा में योगदान देने को कहा गया। अभिभावकों के समक्ष उनके द्वारा प्रतिदिन भेजे जाने वाले बच्चों से अंग्रेजी भाषा में कविताएं एवं भाषण दिलवाए गए एवं उन्हें बताया गया की जो बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आएंगे वह सभी इसी प्रकार गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त कर पाएंगे। अंत मे खंड शिक्षाधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय को अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने एवं निपुण अभियान में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रतिज्ञा भी दिलवाई गई। एवं सभी अभिभावकों ने यह सहमति जताई कि वह न केवल स्वयं के बल्कि अपने पास पड़ोस के बच्चों को भी प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित करेंगे एवं कशिया पंचायत को सर्वप्रथम जिले में निपुण न्याय पंचायत बनाएंगे। अभिभावको द्वारा उम्मीद की किरण जगायी गई कि वह अपने बच्चों का घर पर भी ध्यान रखेंगे, और शिक्षा के प्रति जागरूक रहेंगे एवं अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करेंगे। इस अवसर पर आलोक द्विवेदी,सरिता सिंह, अनुराधा वर्मा, सुनील, अर्चना, मिथलेश आदि शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने नव-नियुक्त अवर अभियंता को दिया नियुक्ति-पत्र



**कौशाम्बी।** उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने बुधवार को लोक भवन लखनऊ में आयोजित नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा चयनित 1334 अभ्यर्थियों अवर अभियंता, संगणक एवं फोरमैन को नियुक्ति-पत्र वितरित किया। उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से निष्पक्ष एवं भर्ती प्रक्रिया के अन्तर्गत जनपद के चयनित अभ्यर्थियों यथा सागर केसरवानी पुत्र महेश प्रसाद नगर विकास विभाग अवर अभियन्ता जल को जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती कल्पना सोनकर द्वारा विकास भवन स्थित सरस हॉल में नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता पासी, मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु एवं अधिशासी अभियन्ता सिंचाई जगदीश लाल सहित अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### आवासीय योजना के आवेदन के लिए मलाक भायल करेटी में ग्रामीणों की लगीं भीड़



**कोखराज कौशांबी।** तहसील सिराथू के अन्तर्गत मलाक भायल करेंटी गांव में मंगलवार को गरीबों को आवास योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे कालोनी के लिए फार्म जमा करने वाले ग्रामीणों की भीड़ लगी रही लगभग 370 ग्रामीण लोगों ने आवेदन कर कागजात प्रधान और पंचायत सचिव के पास जमा किया ग्राम विकास अधिकारी ने मौके मौजूद रहकर लोगों के आवेदन जमा कर रजिस्टर में नाम व हस्ताक्षर अंगूठा लगवाया सरकार के आवास योजना का आवेदन जमा करवाया आवास मिलने की उम्मीद होने से लोगों में प्रसन्नता झलक रही थी।

### ताल तलैया नदी का रूप ले चुकी सड़क की नहीं हो रही मरम्मत



**सैयदसरावा कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के रामपुर गांव को जाने वाली सड़क की दुर्दशा की हालत यह है की यह सड़क ताल तलैया और नदी बन चुकी है कई बार मामले को लेकर ग्रामीणों ने डीएम और एसडीएम को शिकायती पत्र देकर सड़क को ठीक कराने की मांग की उसके बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों को आस्वास्त किया था कि जल्द सड़क की मरम्मत कराई जाएगी लेकिन महीना बीत जाने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी जिससे ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। बारिश के चलते सड़क में जल भराव के कारण रामपुर के रास्ते में आम जनमानस तथा ग्रामीण को असुविधा हो रही है वारिश के कारण 300 मीटर दूर तक सड़क में पानी भरा है ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी कान में तेल डालकर सो रहे हैं और ना ही सफाई कर्मी द्वारा नालियों की सफाई नही हो रही है जिससे बारिश का पानी भरा रह जाता है ब्लॉक परिसर में सफाई कर्मियों को मीटिंग के नाम पर बुलाकर के सेक्रेटरी प्रधान गांव के लोगों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

### पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में भव्य तरीके से कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**कौशांबी।** पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज में भव्य रंगारंग कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रेलवे बोर्ड भारत सरकार के पूर्व सदस्य डां. प्रभु शंकर शुक्ला ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वल के साथ किए। छात्राओं द्वारा मधुर ध्वनि में मां सरस्वती की वंदना स्तुति की गई। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण के साथ बुक दिया गया। कार्यक्रम में देश की मिट्टी को समर्पित नाटक विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें देश के राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक झलक का प्रदर्शन हुआ। कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. श्वेता जयसवाल अपने संबोधन में बच्चों का प्रोत्साहन किया। कार्यक्रम के मध्य में योग एवं चयनित छात्र/छात्राओं को पुरुष्कृत कर गौरवानवित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. प्रभु शंकर शुक्ला द्वारा समस्त चयनित छात्र/छात्राओं पद गोपनीयता एवं कर्तव्य परायण होने की शपथ दिलायी गयी। इसी क्रम में कॉलेज क्वायर में 22 सदस्यों का चुनाव हुआ क्रमशः कक्षा 12 से तनु, शुभी, शिवानी, रिशिता, निशि, इस्मिता, अलवीना, अदीबा साक्षी, कक्षा 10 से रूपाली कक्षा 9 से सृजल, वलिया, अर्पिता, शीतल, अस्फिया, अक्सा, सना, प्राची, शिवांग कक्षा 8 से करन कक्षा 7 से तंजील एवं वैभव नियुक्त हुए। कार्यक्रम के अंतिम चरण में रंगारंग के कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जितेंद्र वर्मा एवं कार्यक्रम की संपूर्ण रूप रेखा म्यूजिक शिक्षक ध्रुव अग्रवाल जी के देख - रेख में संपन्न हुआ।

### दबंगों ने शिक्षक को लाठियों से पीट पीटकर किया घायल

**नेवादा कौशाम्बी।** पिपरी थाना के एक गांव मे दबंगों ने कोचिंग पढा.रहे टीचर को लाठियों से पीट पीटकर घायल कर दिया सर मे चोट लगने से सर फट गया है घायल शिक्षक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के लोधउर गांव निवासी संजय पुत्र मंहगू रोज की तरह बुद्धवार को गांव के बाहर बने गौतम बुद्ध नगर विद्यालय मे बच्चों को कोचिंग पढ़ा रहे थे कि लगभग शाम पांच बजे गांव के हरीलाल पुत्र सुखराम वा उनका बेटा बसंत एक अन्य साथी के साथ लाठी डंडों से पीट पीटकर शिक्षक को घायल कर दिय सर मे लाठी लगने से सर फट गया है लाठियां के हमले से घायल शिक्षक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है ग्रामीणों की चचाओं पर जायें तो बताया जाता है कि हरीलाल की बेटी संजय के पास कोचिंग पढ़ती है जिससे संजय की फीस बाकी है फीस मांगने पर पूर्व मे कुछ बिवाद हुआ था लेकिन हरीलाल का कहना है कि संजय ने हमारे बेटी से छेड़खानी किया है अभी तक सच्चाई पता नही लग पाई है नजदीकी चौकी पुलिस कुछ भी जानकारी देने को तैयार नही है।

### बिजली के करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**कौशाम्बी।** जिले में बिजली के करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई,घटना की जानकारी मिलने पर परिजनो में कोहराम मच गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई। जानकारी के मुताबिक कौशाम्बी थाना क्षेत्र के सडवा गांव निवासी बैजनाथ त्रिपाठी पुत्र राधाकांत त्रिपाठी अपने घर पर दीवाल का प्लास्टर कर रहा था,दरवाजे के दराज से बिजली की केबल लगी हुई थी,दरवाजे की रगड़ से केवल कट जाने के कारण लोहे के दरवाजे में करेंट उतरने से बैजनाथ त्रिपाठी जैसे ही दरवाजे को खोलकर बाहर निकलना चाहे तो करंट की चपेट में आ गए, करंट इतना तेज लगा की बैजनाथ दरवाजे पर ही चिपक गए।जैसे लोगों को जानकारी हुई दौड़कर दूर से तार काट दिया गया, इसके बावजूद भी बैजनाथ की जान नहीं बच सकी, देखते ही देखते कोहराम मच गया।मौके पर पहुंची कौशांबी थाना की पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

## सम्पादकीय

### शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है

**कहा** जाता है कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा रहता है। यह बात बिल्कुल सत्य है। हमारे जीवन में सबसे पहली गुरु तो मां होती है जो हमें जन्म लेते ही हर बातों का ज्ञान कराती है। मगर विद्यार्थी काल में बालक के जीवन में शिक्षक एक ऐसा गुरु होता है जो उसे शिक्षित तो करता ही है साथ ही उसे अच्छे बुरे का ज्ञान भी कराता है। पहले के समय में तो छात्र गुरुकुल में शिक्षक के पास रहकर वर्षों विद्या अध्ययन करते थे। उस दौरान गुरु अपने शिष्यों को विद्या अध्ययन करवाने के साथ ही स्वावलंबी बनने का पाठ भी पढ़ाते थे। इसीलिए कहा गया है कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए। गुरु का स्थान ईश्वर से भी बड़ा माना गया है, क्योंकि गुरु के माध्यम से ही व्यक्ति ईश्वर को भी प्राप्त करता है।

हमारे जीवन को संवारने में शिक्षक एक बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सफलता प्राप्ति के लिये वो हमें कई प्रकार से मदद करते है। जैसे हमारे ज्ञान, कौशल के स्तर, विश्वास आदि को बढ़ाते है तथा हमारे जीवन को सही आकार में ढ़ालते है। कबीर दास ने शिक्षक के कार्य को इन पंक्तियो में समझाया हैः-

गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट, अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट

कबीर दास जी कहते है कि शिक्षक एक कुम्हार की तरह है और छात्र पानी के घड़े की तरह। जो उनके द्वारा बनाया जाता है और इसके निर्माण के दौरान वह बाहर से घड़े पर चोट करता है। इसके साथ ही सहारा देने के लिए अपना एक हाथ अंदर भी रखता है।

शिक्षक हमें जीवन में सफलता के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल देते हैं। शिक्षक हमारे व्यक्तित्व को तैयार करते हैं। चरित्र को ढालने और मूल्यों को स्थापित करने में मदद करते हैं। हमें एक अच्छा नागरिक भी मनाने में मदद करते हैं। शिक्षक ही है जो छात्रों को जीवन का नया अर्थ सिखाता है। वे हमें सही रास्ता दिखाते हैं और कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। वे बाहर से देख सकते हैं। वे प्रत्येक छात्र की देखभाल करते हैं और उनके विकास की कामना करते हैं। उस छात्र को मत भूलो जो छात्र अपने शिक्षकों का सम्मान नहीं करता है। वह जीवन में कभी आगे नहीं बढ़ता है। शिक्षक छात्र के व्यक्तित्व को ढालते हैं। वे एकमात्र निःस्वार्थ व्यक्ति हैं जो खुशी-खुशी बच्चों को अपना सारा ज्ञान देते हैं। शिक्षक विद्यार्थियो के जीवन के वास्तविक निमार्ता होते हैं जो न सिर्फ हमारे जीवन को आकार देते हैं। बल्कि हमें इस काबिल बनाते हैं कि हम पूरी दुनिया में अंधकार होने के बाद भी प्रकाश की तरह जलते रहें। शिक्षक समाज में प्रकाश स्तम्भ की तरह होता है। जो अपने शिष्यों को सही राह दिखाकर अंधेरे से प्रकाश की और ले जाता है। शिक्षकों के ज्ञान से फैलने वाली रोशनी दूर से ही नजर आने लगती है। इस वजह से हमारा राष्ट्र ढ़ेर सारे प्रकाश स्तम्भों से रोशन हो रहा है।


# भारतीयता के अनुरूप शिक्षा से ही नया भारत संभव

- ललित गर्ग-

**शिक्षक** उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग अलग रूप-रंग के फूलों से सजाता है। जो छात्रों को संकटों में भी मुस्कुराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। आज शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण एवं शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने के लिए तमाम सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी सफलता के सशक्त माध्यम शिक्षक ही है। भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, चिन्तक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 घोषित की गयी, इसको लेकर देश में शिक्षा एवं शिक्षक पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। भारत की नई शिक्षा नीति में शिक्षा व्यवस्था के अलावा शिक्षकों की योग्यता एवं गुरुता पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूरे देश में ह्यएक जैसे शिक्षक और एक जैसी शिक्षाह्ल पॉलिसी पर काम किया जा रहा है। इसके लिये अपेक्षित है कि केवल शिक्षा क्रांति ही नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति का शंखनाद हो। किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी शक्ति होती है- शिक्षक वर्ग। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण यानी नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत का गुरुतर दायित्व है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह सकती है।

वैदिक काल से ही भारत शैक्षणिक स्तर पर समृद्ध रहा है। इसी शिक्षा के आधार पर भारत विश्वगुरु कहलाता रहा है। गुरुकुल आधारित शिक्षा प्रणाली भारतीय परंपरा का प्रमुख अंग है। नालंदा और तक्षशिला की स्थापना तथा इसके प्रभाव से भारतीय शिक्षा व्यवस्था की समृद्ध परंपरा को जाना जा सकता है। लेकिन आजादी के बाद से हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली ब्रिटिश ढांचे पर अग्रसर हुई है, जिसके कारण शिक्षा मिशन न होकर, व्यवसाय बन गयी है। तमाम शिक्षक एवं शिक्षालय अपने ज्ञान की बोली लगाने लगे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो गुरु-शिष्य की परंपरा कहीं न कहीं कलंकित हो रही है। आए दिन शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं छात्रों द्वारा शिक्षकों के साथ दुव्यर्वहार, मारपीट एवं अनुशासनहीनता की खबरें सुनने को मिलती हैं। इसे देखकर हमारी संस्कृति की इस अमूल्य गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रश्नचिह्न लगने लगे है।

शिक्षक दिवस एक अवसर है जब हम धुंधली होती शिक्षक की आदर्श परम्परा एवं शिक्षा को परिष्कृत करने और जिम्मेदार व्यक्तियों का निर्माण करने की दिशा में नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत ठोस कार्य करें। वैश्वीकरण के इस दौर में हमारा समाज एक अज्ञात भविष्य की ओर अग्रसर दिखाई देता है। बढ़ती जनसंख्या और सीमित संसाधनों के साथ हमारे देश को नई समस्याओं का सामना करना है। भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें ऐसे ज्ञान, कौशल और दक्षता की आवश्यकता होगी जो हमारी समस्या समाधान में योगदान कर सके। हजारों की संख्या में उच्च शैक्षणिक, शोध संस्थानों तथा मानव संसाधन की प्रचुरता के बावजूद भारत में अभी ?ज्ञान संस्कृतिह्ल का विकास और विस्तार तीव्र गति से नहीं हो पाया है। हमारी बौद्धिक संपदा का व्यावहारिक उपयोग भी नाकाफी है। आज प्रतिभा पलायन भारत की एक बड़ी समस्या है। 2011 की जनगणना के अनुसार 26 प्रतिशत से अधिक भारतीय अभी भी निरक्षर हैं जो कि बेहद डरावना



आंकड़ा हैं क्योंकि एक राष्ट्र के रूप में हमारी महत्त्वकांक्षाएं इससे ज्यादा की मांग करती है।

नई शिक्षा नीति में पारंपरिक से आधुनिक शैक्षणिक प्रतिमानों में गहरा बदलाव कर-के पूर्ण मानवीय क्षमता को प्राप्त करने, एक समतापूर्ण समाज विकसित करने और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयत्न हो रहे हैं। अब अनुभवात्मक शिक्षा और समग्र छात्र विकास की दिशा में एक आदर्श बदलाव की शुरूआत हो रही है। इस समकालीन शैक्षिक परिदृश्य में, क्या सीखना है से लेकर कैसे सीखना है, इस पर जोर दिया जाता है। आलोचनात्मक सोच, निर्णय लेने और समस्या-समाधान के कौशल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, यह उद्यमशीलता, नवाचार और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों को विकसित करने के महत्व को रेखांकित करती है। भारत अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी के युग का गवाह बन रहा है। भारत में शिक्षा ने अब खुद को पुनर्गठित किया है ताकि इस बात पर जोर दिया जा सके कि हमारे दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी कितनी आवश्यक है। इसी शिक्षा के कारण भारत का भाल आज भी गर्व और गौरव से उन्नत है। भारत की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए एफ. डब्ल्यू. टॉमस ने लिखा है- ह्यह्यभारत में शिक्षा विदेशी पौधा नहीं है। संसार का कोई भी ऐसा देश नहीं है, जहां ज्ञान के प्रति प्रेम का इतने प्राचीन समय में आविर्भाव हुआ हो या जिसने इतना चिरस्थायी और शक्तिशाली प्रभाव डाला हो।ह्लह्ल

महात्मा गांधी के अनुसार सर्वांगीण विकास का तात्पर्य है- आत्मा, मस्तिष्क, वाणी और कर्म-इन सबके विकास में संतुलन बना रहे। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन करने का प्रयत्न करते रहते थे। इन्हीं सब चचाओं के मध्य हम देखेंगे कि 1986 की शिक्षा नीति में ऐसी क्या कमियाँ रह गई थीं जिन्हें दूर करने के लिये नई राष्ट्रीय शिक्षा नति को लाने की आवश्यकता पड़ी। साथ ही क्या यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति उन उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम होगी जिसका स्वप्न महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद ने देखा था? यह स्वप्न है जिसके माध्यम से मनुष्य की आंतरिक शक्तियों का विकास, व्यवहार को परिष्कृत करना तथा ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाना।

शिक्षकों पर इस दुनिया में सबसे प्रेरक काम और एक बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक ज्ञान का भंडार हैं जो अपने शिष्यों को अपना ज्ञान देने में विश्वास करते हैं जिससे उनके शिष्य भविष्य में दुनिया को बेहतर बनाने में सहायता कर सकेंगे। इससे ऐसी पीढ़ी निर्मित होगी जो उज्ज्वल और बुद्धिमान हो तथा वह जो दुनिया को उसी तरीके से समझे जैसी यह है और जो भावनाओं से नहीं बल्कि तर्क और तथ्यों से प्रेरित हो। हर शिक्षक अपने विद्यार्थी के व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान करते हैं। हर पल उनकी शिक्षाएं प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में जीवंत रहती हैं। महान-दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में -ह्यव्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। निःस्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है।ह्ल हमने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है। आजादी के अमृतकाल यानी पिछले 75 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में हमने ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं तो कई ऐसे प्रश्न हैं जो हमारी शिक्षा व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौती हैं। वैश्वीकरण और बाजारीकरण के दौर में हमारी शिक्षा व्यवस्था को भारतीयता के अनुकूल बनाने की जरूरत है।

# मानवता के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभर रहे हैं परमाणु ऊर्जा संयंत्र

- डॉ. अरुण मित्रा


**युद्धों का** मतलब सैन्य औद्योगिक परिसरों के लिए बहुत बड़ा मुनाफा है। कहा जाता है कि वर्तमान सैन्य गतिविधि के कारण पर्यावरण को होने वाला नुकसान कुल पर्यावरणीय गिरावट का लगभग 5.4प्रतिशत है। परमाणु हथियारों की मौजूदगी ही एक बड़ा खतरा है। अगर इन हथियारों का इस्तेमाल नहीं भी किया जाता है, तो भी इनके रखरखाव में शामिल लागत का प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक जरूरतों पर किये जाने वाले निवेश पर पड़ता है।

पहले जापोरिज्जिया और अब कुर्स्क में परमाणु ऊर्जा संयंत्र खतरे में हैं, जो अत्यधिक चिंता का विषय हैं। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (एआईईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने 27 अगस्त को रूस के कुर्स्क परमाणु संयंत्र के दौरे के दौरान चेतावनी दी कि स्थिति बहुत गंभीर है क्योंकि यह संयंत्र युद्ध क्षेत्र से मुश्किल से 50 किलोमीटर दूर स्थित है।

आईएईए ने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए खतरे के बारे में कई चेतावनियां जारी की हैं, खासकर रूसी सेना द्वारा दक्षिणी यूक्रेन में जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र पर कब्जा करने के बाद। आईएईए प्रमुख ने चेतावनी दी कि परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए। यह एक अत्यंत गंभीर चेतावनी है जो आईएईए प्रमुख के मुंह से निकली है। थ्री माइल आइलैंड, चेरनोबिल और फुकुशिमा परमाणु ऊर्जा संयंत्र आपदाओं की भयानक यादें हमें उन क्षेत्रों में और उसके आसपास के क्षेत्रों में जीवन और बुनियादी ढांचे के भारी नुकसान की याद दिलाती हैं, साथ में विकिरणों के दीर्घकालिक परिणाम की भी। इसलिए वैश्विक समुदाय न केवल चिंतित है बल्कि भयभीत भी है कि अगर यूक्रेन में युद्ध बढ़ता है, तो परमाणु दुर्घटना के खतरे से इंकार नहीं किया जा सकता है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी संप्रभुता या क्षेत्र को खतरा हुआ तो उनका देश परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने यह बयान 5 जून 2024 को दिया जब वे रूस द्वारा 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसियों के वरिष्ठ संपादकों से व्यक्तिगत रूप से मिले।

रूस-यूक्रेन क्षेत्र के अलावा, गाजा में महिलाओं और बच्चों पर चल रहा इजरायली आक्रमण दिल दहला देने वाला है। गाजा के नागरिकों को मवेशियों के झुंड की तरह इधर-उधर धकेला जा रहा है। इजरायली सुरक्षा बलों ने उन्हें सुरक्षित स्थानों पर जाने या मौत का सामना करने के लिए कहा है। लेकिन तथाकथित सुरक्षित स्थानों पर भी हमले किये जाते हैं और बच्चों और महिलाओं को बिना किसी दोष के मार दिया जाता है। 7 अक्टूबर से, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य सुविधाओं पर कुल 890 हमले दर्ज किये हैं, जिनमें से 443 गाजा में और 447 पश्चिमी तट पर हुए हैं।



अस्पतालों को आम तौर पर युद्ध के समय सुरक्षित स्थान माना जाता है क्योंकि युद्धरत पक्षों से जिनेवा कन्वेंशन के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमला नहीं करने की अपेक्षा की जाती है, जिसमें कहा गया है कि 'घायलों और बीमारों, अशक्तऔर प्रसूति मामलों की देखभाल करने के लिए संगठित नागरिक अस्पताल किसी भी परिस्थिति में हमले का लक्ष्य नहीं हो सकते हैं, और संघर्ष में शामिल पक्षों द्वारा हर समय उनका सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए।' इसलिए कई बार नागरिक सुरक्षा के लिए अस्पतालों में जाने की कोशिश करते हैं। गाजा में गंभीर भीषण संकट है क्योंकि गाजावासियों तक मानवीय सहायता पहुंचने में कई बाधाएं हैं। डब्ल्यू एच ओ और यूनिसेफ ने बीमारियों में वृद्धि के बारे में चेतावनी दी है। निवासियों में पोलियो वायरस का पता चलने से चिकित्सा बिरादरी हिल गयी है। 40,000 से ज्यादा लोगों की मौत 1948 के नकबा की पुनरावृत्ति है, जब दर्जनों नरसंहारों में फिलिस्तीनी अरबों को निशाना बनाया गया था और 500 से ज्यादा अरब-बहुल शहर, गांव और शहरी इलाके उजड़ गये थे, जिनमें से कई या तो पूरी तरह से नष्ट हो गये या यहूदियों ने उन्हें फिर से आबाद कर दिया और उन्हें नए हिब्रू नाम दिये।

हर गुजरते दिन के साथ युद्ध का क्षेत्र लेबनान की ओर बढ़ रहा है। यह एक गंभीर खतरा है क्योंकि ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ रहा है। इजराइल पहले से ही एक परमाणु हथियार रखने वाला देश है और ईरान के पास परमाणु शक्ति है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की कैबिनेट के एक अति-दक्षिणपंथी सदस्य अमीचाई एलियाहू ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से इंकार नहीं किया है। उनके बयान को पूरी तरह से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यहां यह ध्यान देने वाली बात है कि इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के फैसलों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया है। कोई आश्चर्य नहीं कि इजराइल को ऐसे मामलों में अमेरिका का समर्थन प्राप्त है।

यह सर्वविदित है कि युद्ध के समय मानव कल्याण के मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। कई अफ्रीकी देशों में भूख, अभाव और बीमारियां आंतरिक कलह का कारण बन गयी हैं। इनमें बुर्किना फासो, कैमरून, मध्य अफ्रीकी गणराज्य (सीएआई), कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, इथियोपिया, माली, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, नाइजर, सेनेगल, सोमालिया, दक्षिण सूडान और सूडान शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के मंचों पर इन देशों में स्थिति को आसान बनाने के बारे में बहुत कम चर्चा होती है।

युद्धों का मतलब सैन्य औद्योगिक परिसरों के लिए बहुत बड़ा मुनाफा है। कहा जाता है कि वर्तमान सैन्य गतिविधि के कारण पर्यावरण को होने वाला नुकसान कुल पर्यावरणीय गिरावट का लगभग 5.4प्रतिशत है। परमाणु हथियारों की मौजूदगी ही एक बड़ा खतरा है। अगर इन हथियारों का इस्तेमाल नहीं भी किया जाता है, तो भी इनके रखरखाव में शामिल लागत का प्रभाव स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक जरूरतों पर किये जाने वाले निवेश पर पड़ता है। परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए अंतरराष्ट्रीय अभियान (आईसीएएन) ने इन हथियारों के उत्पादन और रखरखाव पर बर्बाद किये गये धन की उपयोगिता की तुलना करते हुए आंकड़े पेश किए हैं।

आईसीएएन ने कहा कि दुनिया भर में स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां लोगों की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं, जबकि परमाणु हथियार संपन्न देशों ने 2023 में अपने परमाणु शास्त्रागार को आद्यतन करने पर 91.4अरब अमेरिकी डॉलर बर्बाद कर दिये। इसकी रिपोर्ट बताती है कि यह राशि संयुक्त राज्य अमेरिका में 718,930 नर्सों के वार्षिक वेतन को कवर करने के लिए बेहतर तरीके से खर्च की जा सकती थी जबकि खसरा, कण्ठमाला और रूबेला के खिलाफ 5,34,35,40,72,239 बच्चों का टीकाकरण; कोविड के खिलाफ 2,28,30,27,774 लोगों का टीकाकरण; एक साल के लिए अकाल से 58,70,64,285 लोगों को बचाना; 6,08,80,74,06,304 पेड़ लगाना; या 1,39,81,01,964 लोगों को एक साल का स्वच्छ जल प्रदान करना संभव था। ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। देशों और समाजों को खतरे का अहसास होना चाहिए।

स्थायी शांति और परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए प्रस्तावों को पारित करना और उन्हें लागू करना संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का प्राथमिक कर्तव्य है। जी-20, जो शक्तिशाली देशों का एक समूह है, को परमाणु निरस्त्रीकरण सुनिश्चित करना चाहिए। असैन्य समाज को भी नौ परमाणुसंपन्न देशों पर परमाणु हथियारों के निषेध पर बहुपक्षीय संयुक्त राष्ट्र संधि (टीपीएनडब्ल्यू) में शामिल होने के लिए पहले से कहीं अधिक मजबूती से अपनी आवाज उठानी होगी।

# शिवाजी की मूर्ति ढहने पर मोदी क्यों मांग रहे हैं माफी?

- डॉ. दीपक पाचपोर

**महाराष्ट्र उन** चार राज्यों में शामिल है जिनमें इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में तो प्रक्रिया प्रारम्भ भी हो गयी है जबकि महाराष्ट्र एवं झारखंड की तारीखों का ऐलान कभी सम्भव है। पहले सभी में एक साथ होने के अनुमान व्यक्त किये गये थे लेकिन जब भाजपा को महसूस हुआ कि किसी भी राज्य में उसकी स्थिति मजबूत नहीं कहीं जा सकती।



बिहार में इसी बरसात में एक के बाद एक दर्जन भर से ज्यादा पुल ढह गये, परन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माफी नहीं मांगी;

कई राष्ट्रीय महामार्ग उखड़ या धंसक गये, परन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माफी नहीं मांगी; कई ट्रेनें दुर्घटनाग्रस्त हुईं जिनमें कई लोग मारे गये तथा बड़ी संख्या में घायल हुए, फिर भी मोदीजीने माफी नहीं मांगी;

कठुआ, उन्नाव, हाथरस से लेकर मणिपुर में महिलाओं के साथ सिलसिलेवार यौन शोषण हुआ, परन्तु बेटी बचाने का दावा करने और उनके साथ कुछ होने पर कथित रूप से व्यथित होने वाले प्रधानमंत्री ने माफी नहीं मांगी;

एक-दो नहीं बल्कि पिछले सात वर्षों में राष्ट्रीय स्तर की 7 से ज्यादा प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के पेपर लीक हो गये, परन्तु पीएम ने माफी नहीं मांगी;

कई एयरपोर्ट, संसद भवन तथा राममंदिर की छत तक टपकने लगी या उनमें पानी भर गया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माफी नहीं मांगी जबकि ये एयरपोर्ट उन्होंने ही अपने कारोबारी मित्रों को सौंपे हैं, संसद भवन उनकी सीधी देख-रेख में बना है तथा राममंदिर तो उनकी आस्था (जैसा कि वे कहते आये हैं) का सबसे बड़ा प्रतीक है;

इतना ही नहीं, कई धार्मिक स्थलों में उनके द्वारा (राजनीतिक रणनीति के तहत ही सही) करोड़ों रुपये खर्च कर स्थापित की गयी मूर्तियां हल्की आंधी में ही उड़ गयीं, फिर भी उन्होंने क्षमा याचना नहीं की;

पिछले कुछ समय में, खासकर उनके ही कार्यकाल में अनेक मूर्तियां तोड़ी गयीं या अपमानित की गयीं। इनमें महात्मा गांधी थे, नेहरू थे, अंबेडकर भी थे; या वे सारे थे जिनकी विचारधारा से मोदी, उनकी भारतीय जनता पार्टी एवं उनके राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार मेल नहीं खाते। यहां तक कि उन्होंने खुद ही संसद भवन में महात्मा गांधी और संविधान निमार्ता बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्तियों को कोने में छिपाकर रख दिया ताकि वहां से होकर आते-जाते वे महापुरुष उनकी नजरों के सामने ही न आयें; और न ही अन्य लोगों को इन महापुरुषों की मूर्तियां सहसा दिखें। इस कृत्य के लिये भी उन्होंने न किसी के आगे हाथ जोड़े और न ही किसी के सामने मस्तक झुकाकर उनके मानने वालों से माफी चाही;

फेहरिस्त लम्बी है। पिछले दस वर्षों में मोदी के शासनकाल में ऐसा अनेक कुछ हुआ है जिसके लिये खुद मोदी की माफी तो बनती है। सारी ऐसी बातों का उल्लेख न भी करें तो नोटबन्दी को ही ख्याल में ले आयें। उन्होंने इसके कई फायदे बताते हुए यह भी कहा था कि उन्हें ये लाभ दिखाने के लिये केवल 100 दिन चाहिये। फिर वे जनता जिस चौराहे पर कहे, आ जायेंगे।

....फिर ऐसा क्या हुआ कि मुम्बई में लगी शिवाजी महाराज की एक मूर्ति क्या गिरी, 'एक अकेला सब पर भारी' वाले मोदी घुटनों पर आ गये? पश्चाताप, ग्लानि एवं अपराध भाव की सारी हदें पार करते हुए मोदी को बारम्बार क्यों मस्तक नवाकर और हाथ जोड़-जोड़कर माफी मांगनी पड़ी? इतना ही नहीं, उन्होंने शिवाजी को अपना आराध्य बतलाते हुए कहा कि जो भी शिवाजी को अपना आराध्य मानते हैं, उन सबसे वे क्षमा चाहते हैं। आखिर उन्होंने तो मूर्ति नहीं गिराई, न ही उनके समर्थकों ने यह काम किया है (जिसमें वे निष्णात हैं)। देश में कोई भी बेजा बात होती है तो उनके कार्यकर्ता और ट्रोल आर्मी के सिपाही कहते हैं कि यह काम मोदी ने तो नहीं किया है जो उसकी जिम्मेदारी लें या माफी मांगें। अब क्या हुआ है? वैसे इस क्षमायाचना को लेकर कई लोग कह रहे हैं कि इसका तरीका गलत है क्योंकि उनकी माफी में अहंकार झलकता है। अहंकार से कहीं अधिक इसके पीछे उनकी राजनीतिक रणनीति दिखलाई पड़ती है। यह अलग बात है कि उसमें न तो नफासत, न ही ऐसी बारीकी कि उस पर भरोसा किया जाये। साफ है कि शिवाजी की मूर्ति गिरने का उन्हें दुख जतलाना उनकी सियासी मजबूरी है क्योंकि महाराष्ट्र में चुनाव नजदीक हैं और वहां भाजपा तथा उसके गठबन्धन (नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस- एनडीए) की हालत पतली है। शिवाजी के ईर्द-गिर्द उस राज्य की राजनीति घूमती है। साठ के दशक में गठित शिवसेना इन्हीं शिवाजी महाराज के नाम पर बनी और वही मराठी अस्मिता की प्रतीक है। चुनाव आयोग ने चाहे अलग हुए धड़े यानी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को असली माना तथा उसके हाथों में धनुष-बाण का चुनाव चिन्ह थमा दिया हो, लेकिन जनता की नजरों में असली शिवसेना उद्धव ठाकरे धड़े वाली ही है। महाराष्ट्र उन चार राज्यों में शामिल है जिनमें इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। हरियाणा व जम्मू-कश्मीर में तो प्रक्रिया प्रारम्भ भी हो गयी है जबकि महाराष्ट्र एवं झारखंड की तारीखों का ऐलान कभी सम्भव है। पहले सभी में एक साथ होने के अनुमान व्यक्त किये गये थे लेकिन जब भाजपा को महसूस हुआ कि किसी भी राज्य में उसकी स्थिति मजबूत नहीं कहीं जा सकती, तो उसने सरकार की कठपुतली कहे जाने वाले निर्वाचन आयोग के जरिये महाराष्ट्र व झारखंड के चुनाव आगे बढ़ा दिये। महाराष्ट्र में भाजपा का बहुत कुछ दांव पर लगा हुआ है। पहला तो यही कि यह चुनाव एनडीए के बिखराव तथा प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया की मजबूती के बीच हो रहा है।

# सीएम ने लाइव प्रसारण में 1334 को बांटा नियुक्ति पत्र

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने निष्पक्ष व पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1334 अवर अभियंता, संगणक व फोरमैन को नियुक्ति पत्र लोक भवन सभागार में आयोजित लाइव प्रसारण में वितरित किया।

बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष भाजपा लवकुश चतुर्वेदी, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम की मौजूदगी में लाइव प्रसारण देखा। जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने मौजूद छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप लोगों को मेहनत से नौकरी मिली हैं। जहां भी नियुक्ति हो, वहां मनोयोग से कार्य करें। जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने जिले के मनोज कुमार अवर अभियंता नगर विकास विभाग व रामविलास सिंह अवर अभियन्ता ग्रामीण अभियंत्रण को नियुक्ति पत्र दिया। अवर अभियंता सिंचाई पद पर चयनित शिखर पटेल को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र वितरण किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी मोहम्मद जसीम, ईओ लालजी यादव समेत छात्र मौजूद रहे।



नियुक्ति पत्र बांटते डीएम व जनप्रतिनिधि।

## जिले में अरहर की खेती को दें बढावाः डीएम



बैठक में निर्देश देते डीएम।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने उप्र कृषि निर्यात नीति 2019 के तहत जिला स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई के सदस्यों के साथ बैठक में जिले के 15 एफपियो व किसानों ने बैठक में हिस्सा लिया।

बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में कृषि निर्यात नीति 2019 व संसोधन पर चर्चा हुई। क्लस्टर निर्माण को उत्पाद का चयन, एपीडा पंजीकरण, निर्यात व निर्यातक बनने को दस्तावेज, जीआई पंजीकरण को उत्पाद का चयन, कठिया गेहूं के ऑथोराइजड यूजर बनाने के प्रस्ताव व सुझाव पर चर्चा हुई। डीएम ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पानी की समस्या है। क्षेत्र में अरहर की खेती को बढ़ावा दिया जाये। एफपीओ उत्पाद को आयात व निर्यात बाबत सबसे पहले इसका रजिस्ट्रेशन कराकर बेंचा जा सकता है। एफपीओ के संबंध में डीडीएम नाबार्ड को निर्देश दिये कि इनकी सदस्यता को सहयोग करें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, उपकृषि निदेशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, फील्ड ऑफिसर, एपीडा, वाराणसी, डीडीएम नाबार्ड, मत्स्य अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मंडी सचिव, कृषि विपणन निरीक्षक अतर्रा, सहायक कृषि विपणन निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

## अब्बास अंसारी समेत पांच पर लगा गैंगेस्टर

### जेल में रंगदारी वसूलने का मामला

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** माफिया डॉन रहे मुख्तार अंसारी के बेटे व वर्तमान विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ कोतवाली कर्वी में गैंगेस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ। इस मामले में अब्बास अंसारी समेत पांच लोगों पर गंभीर आरोप लगे हैं।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि इन सभी पर जिला जेल में विधायक अब्बास अंसारी के बंद रहने दौरान डराने-धमकाने व मारपीट करने के आरोप हैं। गाजीपुर के चालक नियाज अंसारी, सपा नेता फराज खान, कैंटीन व्यवस्थापक नवनीत सचान व वाराणसी अकाउंटेंट शहबाज आलम खान के नाम है। इन सभी पर जेल के अंदर गैंग बनाकर रंगदारी वसूलने व लोगों को धमकाने के आरोप हैं। विधायक अब्बास अंसारी कासगंज जेल में बंद हैं। बाकी चार आरोपी जमानत पर रिहा हैं। कर्वी कोतवाल उपेंद्र कुमार सिंह की तहरीर पर पांचों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिले में इस कार्यवाही से हड़कंप मचा है।



विधायक अब्बास अंसारी।

## लखनऊ महा-आंदोलन को लेकर शिक्षामित्रों ने भरी हुंकार

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के वरिष्ठ नेता सर्वेश यादव और संघ अध्यक्ष इन्द्रसेन यादव ने पांच सितम्बर को लखनऊ में आयोजित महा आन्दोलन के लिए मऊ ब्लाक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नवल त्रिपाठी, मुकेश यादव, रामप्रकाश सिंह, हेमा द्विवेदी, उत्तम आदि दर्जनों शिक्षा मित्रों से मुलाकात कर जिम्मेदारी दी और बैठक कर रणनीतिक चर्चा किया।



बैठक में निर्देश देते अध्यक्ष।

बुधवार को संघ अध्यक्ष इन्द्रसेन यादव ने कहा कि इस बार लखनऊ की धरती पर ऐसा इतिहास लिखा जायेगा कि भविष्य में कभी कोई सरकार शिक्षा मित्रों को गुलाम बनाने की हिमाकत नही करेगी। तो वहीं वरिष्ठ नेता सर्वेश यादव ने कहा कि मुफलिसी में जीवन गुजारने को मजबूर शिक्षा मित्रों ने सरकार से अन्तिम निर्णायक आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। नवल किशोर त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकारों ने हमेशा शिक्षा मित्रों के साथ छल किया है। एक ही स्कूल में एक ही समय तक समान योग्यता रखने के बाद भी एक बेसिक के शिक्षक को 70 से 80 हजार और शिक्षामित्रों को 10 हजार वो भी 11 माह का दिया जा रहा है। इस मौके पर नन्दकिशोर दीक्षित, अनिल सोनी, राजकरण, जय सिंह, अमित त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## बालकृष्ण मिश्रा को नगर पंचायत राजापुर का मिला अतिरिक्त कार्यभार

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** उप्र सरकार के नगर निकाय विभाग ने नगर पंचायत राजापुर के अधिशासी अधिकारी बीएन कुशवाहा के तबादले के बाद नगर पंचायत राजापुर में विकास कार्य अवरुद्ध होने से डीएम ने नगर पंचायत मऊ के अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण मिश्रा को राजापुर का अतिरिक्त चार्ज सौंपा है। बुधवार को नगर पंचायत राजापुर में लगभग तीन वर्षों से तैनात अधिशासी अधिकारी भोलानाथ कुशवाहा का स्थानांतरण सोनभद्र जिले के पिपरी नगर पंचायत होने से नगर पंचायत राजापुर का विकास कार्य अवरुद्ध होने पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन के आदेश पर बालकृष्ण मिश्र ने चार्ज ग्रहण किया है। बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ गरीब असहायों को पात्रता के आधार पर योजनाओं का लाभ देना पहली प्राथमिकता है। राजापुर तुलसी जन्म स्थली होने से साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, विकास करना पहली प्राथमिकता होगी। कस्बे के विकास को नगर अध्यक्ष समेत वार्ड मेम्बरों का सहयोग जरूरी है।



बालकृष्ण मिश्रा।

## शिक्षक विधायक ने शिक्षकों का तिलक लगाकर किया सम्मान

### डीआईओएस के बाबू पर लगाया एक लाख घूस मांगने का आरोप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी ने शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी समेत जिले के दर्जनों विद्यालयों में पहुंचकर गुरुओं का तिलक लगाकर सम्मान किया। इस मौके पर उन्होंने शिक्षकों की समस्यायें सुनीं।

बुधवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी के क्रीडा अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह पटेल ने कहा कि जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कार्यरत बड़ा बाबू प्रदीप कुमार पांडेय एक लाख रुपये की मांग कर रहा है। न देने पर कई वर्षों से उनका बकाया वेतन लंबित किये है। इस पर शिक्षक विधायक ने कहा कि वह इस मामले को जिला विद्यालय निरीक्षक से वार्ता करके निपटाने का प्रयास करेंगे। फूलचंद चंद्रवंशी ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक के अधीनस्थ बाबू अध्यापकों का शोषण कर रहे हैं। इंटर कॉलेज मऊ के सेवा निवृत्त नंदकिशोर मिश्र ने कहा कि प्रदीप पांडेय उनसे पचास हजार रुपये मांग रहा है। न देने पर उनकी पेंशन नहीं बनायी है।

इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ रणवीर सिंह चौहान, श्रीनिवास त्रिपाठी, कुंवर प्रताप सिंह, शिक्षक विधायक विवेक कुमार श्रीवास्तव, शंकर यादव, सतीश रैकवार, रामबचन सिंह, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, धीरेन्द्र सिंह , प्रदीप शुक्ला आदि मौजूद रहे।



शिक्षकों को तिलक लगाते शिक्षक विधायक।

## बच्चों की पढाई को दो हिस्सों में बांटी कक्षायें

### जर्जर स्कूल भवन की सुरक्षा पर सवाल

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ में एक सरकारी स्कूल का भवन जर्जर व क्षतिग्रस्त हो गया है। जर्जर भवन की हालत के मद्देनजर कक्षायें दो भागों में चलाने का निर्णय लिया है। दो कक्षायें उच्च प्राथमिक विद्यालय व तीन कक्षायें पंचायत भवन में संचालित होंगी। पंचायत भवन में भी जगह की कमी है। इससे पढ़ाई की गुणवत्ता में सवाल उठने लगे हैं। ये मामला आकांक्षी ब्लॉक रामनगर की ग्राम पंचायत कटैया खादर की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय कटैया का भवन 1995 के आसपास बनाया गया था। 2018 आते-आते यह भवन पूरी तरह से जर्जर हो गया। वर्तमान में पंचायत भवन व पास के उच्च प्राथमिक विद्यालय में इस स्कूल की कक्षायें संचालित की जा रही हैं। पंचायत भवन में लगे पेड़ के नीचे भी कुछ कक्षायें चल रही हैं, जिसे देखकर सिहरन पैदा हो जाती है। मऊ तहसील क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन से अधिक विद्यालय जर्जर अवस्था में हैं, लेकिन अधिकारियों की ओर से इस स्थिति पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।ग्रामीण विनोद, बलदेव द्विवेदी, नारायण, राजेंद्र सेन और संतोष आदि ने बताया कि विद्यालय की जर्जर हालत का मुद्दा बार-बार उठाया गया है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इस स्थिति के चलते बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों ही खतरे में हैं। जिम्मेदारों को इस समस्या का समाधान शीघ्र करना होगा, ताकि बच्चों को एक सुरक्षित और सुसज्जित शैक्षिक वातावरण मिल सके।

## संदर्शिका आधारित शिक्षण से बनेंगे निपुण बच्चे

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के दूसरे दिन बुधवार को खंड शिक्षाधिकारी मिथलेश कुमार ने कहा कि शिक्षक संदर्शिका का उपयोग करते हुए निपुण विद्यालय बनायें। उन्होंने मॉडल स्कूल पीएस मानिकपुर रूरल का उदाहरण देते हुए कहा कि संकल्प शक्ति व अनुशासन से सभी लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। प्रशिक्षण में मौजूद विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि कैसे उन्होंने अपने सहायकों को साथ में लेकर विद्यालय की गुणवत्ता बढ़ाई।

बुधवार को सत्र की शुरुआत में एआरपी राकेश सिंह पटेल ने कक्षा कक्ष की चुनौतियों पर चर्चा की। अध्यापकों को तैयारी के साथ कक्षाकक्ष में जाना चाहिए। किसी दिन एक साथ कई कक्षाओं में पढ़ाना है तो पीयर लीडर की मदद से बच्चों के स्तर अनुरूप शिक्षण योजना चलानी चाहिए। एनसीईआरटी आधारित नई पाठ्य पुस्तकों की चर्चा करते हुए एआरपी अवधेश कुमार ने बताया कि ये पुस्तकें बच्चों के चहुंमुखी विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई हैं। घर परिवार, हरी भरी दुनिया, खानपान, त्यौहार व मेले आधारित थीम पर तैयार की गई किताबों में प्रारंभिक अवस्था में सीखने के सहज तरीके बताये गये हैं। आंकलन व रिमिडियल टीचिंग संबंधी सत्र लेते हुए एआरपी त्रिभुवन सिंह ने कहा कि आंकलन से जहां बच्चों की वास्तविक स्थिति का पता चलता है वहीं रिमीडियल टीचिंग में मदद मिलती है। एआरपी गया प्रसाद ने ट्रैकरों पर चर्चा की तो अजय कुमार ने प्रिंट रिच सामग्री के इस्तेमाल की जरूरत पर अपनी बात रखी। प्रशिक्षण में अक्टूबर व दिसंबर में निपुण घोषित होने वाले विद्यालयों के 50 अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। यह बैच शुक्रवार को समाप्त हो जायेगा।



चर्चा करते शिक्षक।

## कीचड भरे रास्ते से निकलने को मजबूर ग्रामीण

### वीर धुमाई सुर्की गांव का मामला......

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर तहसील में एक ऐसा भी गांव है, जहां आजादी के 76 वर्ष बीतने के बाद गांव की सड़के दल-दल में तब्दील हैं। तालाब की तरह नजर आ रही है गांव की नालियां व बदबूदार कीचड़ से पटी पड़ी है। लोग दलदल व कीचड़ भरे रास्ते से निकलने को मजबूर हैं। गांव जाते ही लोगों के पांव दलदल में पड़ जाते हैं।



बुधवार को जिले की सीमा के वीर धुमाई सुर्की गांव में रास्ता खराब होने से ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गांव के रास्ते जलाशय में तब्दील है। गांव के नागमणि ने बताया कि दस वर्षों से डबल इंजन की सरकार महात्मा गांधी के ग्रामीण स्वराज व पं दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपनों को साकार करने को कटिबद्धा है। गांव की मुख्य सड़क टावर से लेकर राजबाबू गौतम के घर तक पूरी तरह से दलदल में तब्दील है। गांव में बनी नालियां कीचड़ व दुर्गंध से लोगों का जीना दुभर है। उमस भरी गर्मी होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। सड़न की दुर्गंध से संक्रामक बीमारियां पैदा हो रही हैं। हैंडपंपों के आसपास पानी की निकासी न होने से मच्छरों की प्रजनन क्षमता बढ़ने से वायरल फीवर मलेरिया जैसी घातक बीमारियां पैदा हो रही है। उप्र सरकार के नियुक्त सफाई कर्मी गांव कभी नहीं आते। हर गली की नालियां कीचड़ से पटी हुई हैं। हफ्ते में एक बार सफाई कर्मी प्रधान के दरवाजे पर आकर पूरे माह की हाजिरी बनाकर चला जाता है। ग्रामीण पप्पू चैहान, समरजीत, सविता, अशोक श्रीवास्तव, राधे सिह ने बताया कि सफाई कर्मी की शिकायत सीडीओ अमृतपाल कौर, बीडीओ पहाड़ी दिनेश मिश्रा व प्रधान से कई बार शिकायत की गई है। भीषण समस्या से निजात दिलाने को कोई सुनने नहीं आया। जिलाधिकारी से समस्या निजात दिलाने व सक्षम अधिकारी से जांच करने की मांग की है।

## भ्रष्ट रिपोर्टरों के चक्कर में पत्रिकारिता हो रही है बदनाम

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में पत्रकारिता की आड़ में पैसा कमाने का कुछ कथित पत्रकार धंधा बनाये हैं। ऐसा लगता है कि ये पत्रकार नहीं टेक्निकल इंजीनियर हैं। उनका काम है क्षेत्र में घूम-घूमकर निर्माणाधीन विकास कार्यों को देखना व उनकी गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठाना। आखिर पत्रकारिता करने वालों को टेक्निकल काम की जानकारी कैसे और कहां से हो जाती है। जो अपने समाचार पत्रों पर लिख देते हैं कि मानकविहीन व गुणवत्ताविहीन कार्य हो रहा है। ऐसे पत्रकारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## स्कूल संचालक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

### रास्ते पर घात लगाकर बैठे थे आरोपी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** महाराणा प्रताप स्कूल के संचालक अरविंद सिंह की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। घटना तब हुई जब अरविंद सिंह अपनी पत्नी को स्कूल छोड़कर घर लौट रहे थे।

ये घटना रैपुरा थाना क्षेत्र के अगरहुंडा गांव में बुधवार दोपहर 12 बजे हुई। बताया गया कि अरविंद सिंह पर हमला करने वाले बदमाश पहले से घात लगाये बैठे थे। जैसे ही अरविंद सिंह वहां पहुंचे, बदमाश ने अचानक उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बदमाश मौके से फरार हो गया। हमले के बाद आसपास के लोग अरविंद सिंह को अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया। इलाके में दहशत का माहौल बना है। इस बाबत एसपी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि ये हत्या प्रतीत होती है। मामले की जांच के लिए पुलिस लगाई है। हमला करने वाले आरोपी का नाम गोविंद रैदास है। स्कूल संचालक अरविंद सिंह चार भाई हैं। वह अकेले अपने गांव में रहते हैं। सत्येंद्र सिंह और सतबीर सिंह अहमदाबाद में रहते हैं।

बड़े भाई धर्मराज सिंह ने आरोप लगाया कि थाना पूरी तरह से बिकाऊ है। पुलिस की सह पर ये हत्या हुई है। एसपी समेत मुख्यमंत्री से जांच करने की मांग की है।



मृतक की फाइल फोटो।

## पुलिस ने दबोचा एक वारंटी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में दरोगा सुशील चन्द्र निगम की टीम ने डीए एक्ट के वारंटी भैरव उर्फ करिया पुत्र छोटू उर्फ छोटेलाल घाटा कोलन बहिलपुरवा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा सुशील चन्द्र निगम, दरोगा अनुभव वर्मा व सिपाही जितेन्द्र मौर्य शामिल रहे।

# समुद्र में डूब रहा मालदीव, क्या धरती के नक्शे से गायब हो जाएगा मुइज्जू का देश?



**मालेः दुनियाभर** में समुद्र के बढ़ते जलस्?तर और भयानक तूफानों की वजह से तटीय इलाके गंभीर खतरे का सामना कर रहे हैं। इसकी वजह से द्वीपीय देश और तटीय शहर खुद को बचाने के लिए कदम उठा रहे हैं। ये देश खुद को डूबने से बचाने के लिए समुद्री 'दीवाल' बना रहे हैं। इसके लिए वे समुद्र के तलछट से बालू निकाल रहे हैं और इसे समुद्री बीच पर फेंक रहे हैं। इन्हीं में से एक देश है मालदीव जिसे धरती पर स्?वर्ग कहा जाता है। मालदीव में 1200 द्वीप हैं और 900 किमी लंबी चेन है। मालदीव को बचाने के लिए अमेरिका का चर्चित संस्थान एमआईटी, सेल्फ असेंबली लैब और मालदीव का संगठन इन्वेना एक ज्यादा प्राकृतिक समाधान पर काम कर रही है। वे पानी के अंदर डूब जाने वाले ढांचे का इस्तेमाल करके द्वीपों की रक्षा के लिए सावधानी से चुने गए स्थानों पर रेत जमा करने के लिए समुद्र की शक्तियों का उपयोग कर रहे हैं।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इसके जरिए ये संगठन संभावित रूप से नए द्वीप भी विकसित कर रहे हैं। साल 2019 में इन संगठनों ने फील्ड टेस्ट किया था जहां पर लगभग सभी द्वीपों का क्षरण हो रहा था।

मालदीव की राजधानी माले के दक्षिण में उथले पानी के अंदर कई प्रयोग किए गए थे। इसमें रेत को इकट्ठा करने के लिए रस्सी के एक जाल को कसकर बांधकर पानी में डुबोना, एक ऐसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाना जो पानी के साथ छिड़के जाने पर कपड़े से कठोर कंक्रीट में बदल जाता है। इसे समुद्र तल पर एक अवरोध बनाने के लिए रखा जाता है। इससे रेत जमा हो जाती है।

इस प्रयोग के दौरान रेत के टीले के ऊपर एक तैरता हुआ बगीचा लगाया गया था ताकि यह पता किया जा सके कि क्या पेड़ की जड़ें रेत को स्थिर करने में मदद कर सकती हैं। इससे अधकि रेत इकट्ठा करने में मदद मिल सकती है। एक अन्य क्षेत्र प्रयोग में, रेत के टीले के ऊपर एक तैरता हुआ बगीचा लगाया गया था, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या जड़ें पहले से जमा रेत को स्थिर करने और अधिक रेत इकट्ठा करने में मदद कर सकती हैं।

सेल्फ असेंबली लैब के संस्थापक स्काईलर तिब्बित्स ने उम्मीद जताई है कि पानी के अंदर डूबने वाले ढांचे परंपरागत इंजीनियरिंग हल से ज्यादा सस्टनेबल मेथड मुहैया कराएंगे। इससे जिन तटों का क्षरण हो चुका है, उन्हें फिर से मजबूत किया जा सके।

# यूक्रेन मंत्रिमंडल में फेरबदल के बीच पांच मंत्रियों ने दिया इस्तीफा



**कीवः यूक्रेन** युद्ध के बीच मंत्रिमंडल में बड़े फेरबदल की योजना चल रही है। इस बीच कई मंत्रियों ने इस्तीफे की पेशकश की है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। संसद के अध्यक्ष ने यह जानकारी दी। संसद के अध्यक्ष रुस्लान स्टेफानचुक ने अपने फेसबुक पेज पर कहा कि कुलेबा के इस्तीफे के अनुरोध पर सांसदों की अगली पूर्ण बैठक में चर्चा की जाएगी। दो साल से चल रहे रूस के साथ युद्ध में यह यूक्रेन के लिए सबसे बड़ा झटका है। कुलेबा के अलावा अन्य चार मंत्रियों ने भी इस्तीफे की पेशकश की है।

देर रात संसद अध्यक्ष को चार मंत्रियों ने अपना इस्तीफा सौंप दिया। अध्यक्ष कार्यालय के मुताबिक, यूरोपीय मामलों के उप प्रधानमंत्री ओल्गा स्टेफनिशिना; सामरिक उद्योग मंत्री ओलेक्जेंडर कामिशिन, न्याय मंत्री डेनिस मलिस्का और पर्यावरण मंत्री रुस्लान स्ट्राइलेट्स ने अपने-अपने पद से इस्तीफे की पेशकश की है। कामिशिन ने रूस के आक्रमण के बीच यूक्रेन में हथियारों के उत्पादन को बढ़ावा देने में मुख्य भूमिका निभाई थी।

**बदले जा सकते हैं आधे मंत्री**

चारों मंत्रियों के इस्तीफे की पेशकश पर सरकार की तरफ से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या इनमें से किसी मंत्री को अन्य वरिष्ठ पदों पर तैनात किया जाएगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पिछले हफ्ते संकेत दिए थे कि कैबिनेट में जल्द फेरबदल किया जाएगा। वहीं, संसद में उनकी पार्टी के प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा मंत्रियों में से आधे को बदले जाने की संभावना है। रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन को नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि वह देश के पूर्वी हिस्से में रूसी बलों को मिल रही बढ़त का मुकाबला करने के लिए संघर्ष कर रहा है और पड़ोसी कुर्स्क क्षेत्र में अपने हालिया अभियान के जरिये मॉस्को के मंसूबों पर पानी फेरना चाहता है।

**यूक्रेन पर रूस का बड़ा हमला**

यूक्रेन पर इस बीच रूस ने बड़ा हमला किया है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि रूस ने दो बैलिस्टिक मिसाइल दागकर मध्य यूक्रेन में मौजूद शैक्षणिक प्रतिष्ठान और नजदीकी अस्पताल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई।

180 अन्य घायल हो गए। जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि हमला पोल्टावा क्षेत्र में हुआ।

# कतर में पाकिस्तानी और अमेरिकी अफसरों से मिले थे बांग्लादेशी छात्र आंदोलन के नेता


**ढाकाः बांग्लादेश** में बीते कुछ समय में बड़े सियासी उलटफेर देखने को मिले हैं। इस साल जून-जुलाई में देश की राजधानी ढाका और कई शहरों में आरक्षण के मुद्दे पर छात्रों के आंदोलन शुरू हुए। इन आंदोलनों के बहुत तेजी से फैलने और हिंसक होने के बाद 5 अगस्त को शेख हसीना को पीएम पद और देश छोड़ना पड़ा। बांग्लादेश में अचानक हुई उथलपुथल के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ होने का अंदेशा कई बार जाहिर किया जा चुका है। अब एक और रिपोर्ट सामने आई है, जो कहती है कि बांग्लादेश में बीते साल से ही शेख हसीना को अस्थिर करने की कोशिश हो रही थी और इसमें पाकिस्तान और अमेरिका के लोग शामिल थे। नॉर्थ ईस्ट न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, इंडियन नेशनल सिक्योरिटी नेटवर्क ने बांग्लादेश के भीतर और बाहर से मिली सूचनाओं के विभिन्न पहलुओं को जोड़कर पाया है कि बांग्लादेशी छात्र सगंठनों के 'कॉर्डिनेटर' बने कुछ छात्रों ने एक साल में कई दफा लगातार पाकिस्तान, दुबई और कतर का दौरा किया।

# टाइटैनिक को कभी नहीं देख पाएगा इंसान! तेजी से खा रहा बैक्टीरिया

**लंदनः टाइटैनिक** का मलबा तेजी से खत्म हो रहा है। एक बैक्टीरिया इसे खा रहा है और अगले छह साल में ये पूरी तरह से गायब हो सकता है। टाइटैनिक के मलबे की नई तस्वीरों में जहाज को समुद्र तल पर कम होते दिखाया गया है। मलबे पर जानकारी जुटाने वाली टीम ने पाया है कि जहाज के टुकड़े-टुकड़े हो रहे हैं और बड़े हिस्से समुद्र तल पर बिखरे गए हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि 112 साल पुराना यह मलबा तेजी से सड़ रहा है। वैज्ञानिकों ने खुलासा किया है कि इस प्रतिष्ठित जहाज की धातु संरचना को बैक्टीरिया खा रहे हैं, इससे जंग के स्टैलेक्टाइट्स (रस्टिकल्स) बन रहे हैं। ये जहाज के मलबे को तेजी से खत्म कर रहे हैं।

द सन की रिपोर्ट के मुताबिक, विशेषज्ञों ने टाइटैनिक को खा रहे बैक्टीरिया का नाम 'हेलोमोनस टाइटेनिका' रखा है। एक्सपर्ट का मानना है कि ये 2030 तक पूरे जहाज को खा जाएंगे। मलबे पर सामने आई नई जानकारी से पता चलता है कि समुद्र तल पर एक सदी से अधिक समय तक रहने के बाद मलबा तेजी से विघटित हो रहा है। इसी साल आरएमएस टाइटैनिक इंक ने पाया कि भूखे सूक्ष्मजीवों के कारण जहाज के सामने की रेलिंग का एक बड़ा हिस्सा अब समुद्र तल पर पड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले दो वर्षों में करीब 15 फीट की रेलिंग गिर गई थी, क्योंकि इसे 2022 में डिजिटल रूप से स्कैन किया गया था और अभी भी बरकरार है - यह दशार्ता है कि मलबा किस गति से सड़ रहा है।

जहाज के अंदरुनी हिस्से में बढ़ रही सड़न



विशेषज्ञों का मानना है कि जहाज का अंदरूनी हिस्सा तेजी से सड़ रहा है क्योंकि पनडुब्बियों के लिए सुलभ मार्ग अब ढह गए हैं। कैप्टन एडवर्ड स्मिथ के क्वार्टर से बाथटब की ली गई तस्वीरें 1996 में स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं लेकिन 2004 में उसी बाथटब की ली गई फोटो दिखाती हैं कि बैक्टीरिया ने कितनी तेजी से अंदरूनी हिस्से को खत्म किया। यहां तक कि वह कमरा भी अब मौजूद नहीं है। अंदरूनी हिस्सा का मलबे तेजी से नष्ट हो गया है। टाइटैनिक अभियान के नेता विक्टर वेस्कोवो का कहना है कि जहाज का मलबा 107 साल से तेज धाराओं और समुद्री पानी में डूबा हुआ है। 1985 में जहाज के मलबे की खोज के बाद से लगातार इस बात की मांग की जाती रही है कि जहाज के अवशेषों को सतह पर लाया जाए। 1997 में टाइटैनिक फिल्म के रिलीज होने के बाद यह दबाव और बढ़ गया। वहीं विशेषज्ञों का दावा है कि जहाज को इस स्थिति में ऊपर उठाना असंभव काम होगा। ऐसा माना जाता है कि अगर जहाज के साथ छेड़छाड़ की गई, तो इसका बचा हुआ हिस्सा बिखरकर खत्म हो जाएगा।

साल 1998 में आरएमएस टाइटैनिक इंक, जिसके पास टाइटैनिक के बचाव अधिकार हैं।

# ब्रुनेई की उमर अली सैफुद्दीन से पहले इन आलीशान मस्जिदों में जा चुके हैं पीएम मोदी

**बंदर सेरी बेगवानः ब्रुनेई** की अपनी यात्रा के दौरान भारतीय पीएम मोदी ने मंगलवार को राजधानी बंदर सेरी बेगवान में उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद का दौरा किया। इसे ना सिर्फ ब्रुनेई बल्कि दुनिया की सबसे आलीशान मस्जिदों में गिना जाता है। मस्जिद का डिजाइन इसे बेहद आकर्षक और भव्य बनाता है। नरेंद्र मोदी अक्सर अपनी विदेश यात्राओं के दौरान मशहूर और ऐतिहासिक मस्जिदों में जाते रहे हैं। मुस्लिम मुल्कों की यात्रा करते हुए वह कई ऐतिहासिक मस्जिदों में जा चुके हैं। फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी ने पिछले साल अपनी यात्रा के दौरान काहिरा में मिस्त्र की 11वीं सदी की अल-हकीम मस्जिद का दौरा किया था। मिस्त्र की इस मस्जिद की दुनियाभर में शोहरत है। 1012 में निर्मित अल-हकीम काहिरा में चौथी सबसे पुरानी मस्जिद है। ये मस्जिद 13,560 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली है। नरेंद्र मोदी ने 2018 में इंडोनेशिया के अपने दौरे पर इस्तिकलाल मस्जिद का दौरा किया था। ये दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद है। 1978 में आम जनता के लिए खोली गई इस मस्जिद में एक लाख से ज्यादा लोग



नमाज पढ़ सकते हैं। नरेंद्र मोदी के अलावा बराक ओबामा, बिल क्लिंटन और एंजेला मर्केल जैसे बड़े नेता भी इस मस्जिद का दौरा कर चुके हैं।

**सिंगापुर की चुलिया मस्जिद गए थे पीएम मोदी**

नरेंद्र मोदी ने जून 2018 में अपनी सिंगापुर यात्रा के दौरान चुलिया मस्जिद का दौरा किया था। चाइनाटाउन जिले में साउथ ब्रिज रोड पर बनी यह सिंगापुर की सबसे पुरानी मस्जिदों में से एक है। इसकी स्थापना 1826 में चुलियास ने की थी, जो भारत के कोरोमंडल तट के तमिल मुस्लिम व्यापारी थे। इसी साल यानी 2018 के फरवरी में नरेंद्र मोदी ओमान गए थे। पीएम मोदी यहां मस्कट में सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद गए थे। इस मस्जिद को आधुनिक इस्लामी वास्तुकला का एक शानदार नमूना कहा जाता है। इस मस्जिद को बनाने में भारतीय कारीगरों ने भी मदद की थी ।

# तालिबान चुरा रहा भारतीय गीतों की धुन...

## मशहूर गीतों की तर्ज पर इस्लामिक धार्मिक गीत बनाकर किए जारी

**काबुलः अफगानिस्तान** की सत्ता पर काबिज तालिबान ने हाल ही में नए नशीद (धार्मिक गीत) जारी किए हैं। तालिबान अपने नए नशीदों में अफगान और भारतीय संगीत की धुनों का इस्तेमाल किया है। यानी तालिबान अपनी नशीदों के लिए उन गानों की ही धुन चुरा रहा है, जिनको वह हराम कहता है। अमू टीवी ने तालिबान-नियंत्रित मीडिया की ओर से हाल ही में जारी नशीदों की जांच के बाद ये दावा किया है। अमू टीवी की रिपोर्ट कहती है कि ये नशीद लोकप्रिय अफगान और भारतीय संगीत की धुनों का इस्तेमाल करते हुए बनाए गए हैं। अमू ने अफगानिस्तान के एक संगीत विशेषज्ञ की मदद भी इसमें ली, जिन्होंने माना कि भारतीय संगीत की मदद इन नशीदों में ली गई है। हालांकि सुरक्षा चिंताओं की वजह से अफगानिस्तान के संगीत विशेषज्ञ की पहचान नहीं बताई गई है।



अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता हासिल करने के बाद तालिबान ने गीत-संगीत पर रोक लगा दी है। राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों पर भी प्रतिबंध जारी कर दिया गया। देश के पारंपरिक संगीत के स्थान पर तालिबान ने अपने नशीदों को बढ़ावा दिया है। बिना किसी वाद्य संगत के गाए जाने इन धार्मिक गीतों को तालिबान ही जारी करता है। 2022 में तालिबान ने नशीदों को प्रसारित करने के लिए एक्स पर 'तरानुम' नाम से अकाउंट भी बनाया है।

**संगीत को वर्जित मानता है तालिबान**

तालिबान शासन संगीत को हराम (गैर इस्लामी) कहता है। ऐसे में वह नशीद को बढ़ावा दे रहा है क्योंकि इसमें संगीत नहीं होता है। हालांकि अमू टीवी ने पाया है कि तालिबान के कई नशीद सीधे तौर पर हालिया दौर में रिलीज हुए कुछ गानों से लिए गए हैं। एक नशीद 'कुर्बान ले अमीरात' अफगान गायक नगमा के एक गीत की धुन पर आधारित है। एक और नशीद बख्त जमीना के एक गीत में मामूली बदलाव के साथ तैयार कर ली गई है। पत्रकार और लेखक हारून मजीदी का कहना है कि 'तरानुम' की अवधारणा पेशावर की संगीत परंपराओं में निहित है। ये पाकिस्तान में हक्कानी मदरसों से काफी प्रभावित है। वे अपनी चरमपंथी विचारधारा का प्रचार करने के लिए सुरीली आवाज का इस्तेमाल करते हैं। इस प्रथा का अफगानिस्तान की संस्कृति में कोई स्थान नहीं है।

संगीत पर प्रतिबंध के बावजूद तालिबान अपने कार्यक्रमों के दौरान नशीदों का इस्तेमाल करता है। उसके कार्यक्रमों में नशीदें पढ़ी जाती हैं।

वह इसे अपनी विचारधारा को बढ़ावा देने और अपने सदस्यों का महिमामंडन करने के लिए इस्तेमाल करता है। ये नशीद हर तालिबान सभा के लिए साउंडट्रैक बन गए हैं।, जो पूरे देश में उनके संदेश को प्रतिध्वनित कर रहे हैं। हालांकि इसके लिए वह भारत समेत कई देशों की धुनों को भी चुरा रहे हैं।

# चीन को मिसाइल अपग्रेड के साथ मिला नया एयर डिफेंस सिस्टम HQ-9B , जानें कितना कारगर

**बीजिंगः चीन** को नया एयर डिफेंस सिस्टम मिल गया है। चीनी आर्मी (पीएलए) सेंट्रल थिएटर कमांड ने लंबी दूरी के एयर डिफेंस सिस्टम HQ-9B के नए वेरिएंट की घोषणा की है। पीएलए ने HQ-9B को एक नए सेटअप में दिखाया है, जिसमें ट्रांसपोर्टर-इरेक्टर लॉन्चर हैं। ये सतह से हवा



में मार करने वाली मिसाइलों के एक छोटे, हल्के वर्ग से लैस हैं। इसकी खास बात ये है कि ये लॉन्चर आठ मिसाइलों को ले जा सकता है। शुरूआत में HQ-9s केवल बड़ी और लंबी दूरी की मिसाइलों से लैस थे, जिनमें से प्रत्येक लॉन्च वाहन पर चार मिसाइलें थीं।

चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, ये नई छोटी मिसाइलें नजदीकी लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए तैयार की गई हैं। HQ-9B रूस के बाहर उत्पादित लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। प्रसिद्ध रूसी एयर डिफेंस र-400 की तरह यह उच्च गतिशीलता का दावा करता है और ये मोबाइल ट्रकों से मिसाइलों, रडार और कमांड इकाइयों को तैनात करता है। चीन की उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स और रडार क्षमताएं ल्दद-9इ को प्रदर्शन के मामले में अपने रूसी समकक्षों पर बढ़त दिलाती हैं।

**चीन के एयर डिफेंस की क्षमता**

HQ-9B 250 किलोमीटर की एंगेजमेंट रेंज का दावा करता है, ये करीब 200,000 वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्र को कवर कर सकता है। इसका 360-डिग्री रडार कवरेज और कोल्ड लॉन्च सिस्टम इसे किसी भी दिशा में लक्ष्यों को भेदने में सक्षम बनाता है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


# धरती में कैसे बनती हैं सोने की डलियां?

**कैनबराः वैज्ञानिकों** ने एक बड़ी खोज की है। उन्होंने पता लगा लिया है कि कैसे भूकंप के कारण क्वाट्र्ज से बड़े सोने के टुकड़े बनते हैं। यह एक ऐसा रहस्य रहा है जो दशकों से शोधकताओं को परेशान करता रहा है। सोना प्राकृतिक रूप से क्वाट्र्ज चट्टानों में बनता है। फेल्डस्पार के बाद पृथ्वी की परत में दूसरा सबसे प्रमुख खनिज है। लेकिन अन्य प्रकार के सोने के भंडारों के विपरीत क्वाट्र्ज में पाए जाने वाले भंडार अक्सर विशाल सोने के टुकड़े होते हैं। ये टुकड़े के क्वाट्र्ज की दरारों में तैरते हैं जिसे भूविज्ञानी क्वाट्र्ज नसें कहते हैं। क्वाट्र्स समृद्ध चट्टानें समय-समय पर क्रस्ट के भीतर गहराई में हाइड्रोथर्मल तरल पदार्थ से भरी होती हैं।

नेचर जियोसाइंस जर्नल में सोमवार को इससे जुड़ा अध्ययन प्रकाशित हुआ। स्टडी के प्रमुख लेखक और ऑस्ट्रेलिया में मोनाश विश्वविद्यालय के भूविज्ञानी क्रिस वोइसी ने कहा, 'क्वाट्र्ज में सोना हर समय बनता है। जो चीज अजीब है कि इनमें सोने की बड़ी डली का निर्माण होता है। हमें नहीं पता था कि यह कैसे काम करता है।

# चीन और अफ्रीका हाथ मिलाकर एक बेहतर भविष्य बनाएंगे

**बीजिंग। चीन**-अफ्रीका सहयोग मंच का शिखर सम्मेलन 4-6 सितंबर तक पेइचिंग में आयोजित किया जाएगा। उम्मीद है कि यह अगले तीन वर्षों और उससे आगे उच्च गुणवत्ता वाले चीन-अफ्रीका सहयोग के लिए एक मंच तैयार करेगा। चीन-अफ्रीका सहयोग मंच की स्थापना के बाद से 24 वर्षों में, विशेष रूप से नए युग में मंच ने हमेशा एक साथ योजना बनाने, एक साथ निर्माण करने और एक साथ लाभ उठाने के सिद्धांतों का पालन किया है, जिसमें दोनों पक्ष उच्च गुणवत्ता वाले विकास की दिशा में अपने पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को आगे बढ़ा रहे हैं। चीन और अफ्रीका के बीच रणनीतिक समन्वय गहरे स्तर पर आगे बढ़ रहा है और बेल्ट एंड रोड पहल और वैश्विक विकास पहल के अफ्रीकी संघ का एजेंडा-2063 और अफ्रीकी देशों की विकास रणनीतियों के साथ तालमेल बिठा रहा है। चाहे अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में कोई भी बदलाव क्यों न आए, चीन अफ्रीका के साथ अधिक एकजुटता और सहयोग को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प में कभी नहीं डगमगाएगा।



चीन और अफ्रीका, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों का पालन करते हुए, रणनीतिक आपसी विश्वास को गहरा करना जारी रखते हैं और अपने मूल हितों से संबंधित मुद्दों पर लगातार एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। दोनों पक्ष संयुक्त रूप से एक समान और व्यवस्थित बहुध्रुवीय विश्व और एक सार्वभौमिक रूप से लाभकारी और समावेशी आर्थिक वैश्वीकरण की वकालत करते हैं, चीन द्वारा प्रस्तावित तीन वैश्विक पहलों को संयुक्त रूप से बढ़ावा देते हैं और लागू करते हैं, अंतर्राष्ट्रीय निष्पक्षता और न्याय की रक्षा करते हैं, और वैश्विक शासन प्रणाली को बढ़ाते हैं।

इसके कारण चीन और अफ्रीका वैश्विक दक्षिण के लिए एकजुटता और सहयोग का एक मॉडल बन गए हैं। चीन-अफ्रीका के लोगों के बीच और सांस्कृतिक आदान-प्रदान व्यापक क्षेत्रों में फैल रहे हैं। हाल के वर्षों में, चीन और अफ्रीका के बीच नागरिक आदान-प्रदान सक्रिय और लगातार रहा है।

चीनी और अफ्रीकी विद्वानों ने संयुक्त रूप से चीन-अफ्रीका थिंक टैंक फोरम में चीन-अफ्रीका दार एस सलाम सहमति का प्रस्ताव रखा, जिसने आज की दुनिया के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों और चुनौतियों का समाधान करने के लिए, विचार और प्रस्ताव पेश किए, जो वैश्विक दक्षिण की साझा आकांक्षाओं को दशार्ता है। चीन ने चीनी आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक रूप से गहन सुधार के लिए रणनीतिक योजनाएं बनाई हैं, जो अफ्रीकी देशों सहित दुनिया भर के देशों के लिए अधिक अवसर और उम्मीदें लाएंगी। इस शिखर सम्मेलन में, दोनों पक्ष अफ्रीका और चीन द्वारा वैश्विक शासन व्यवस्था के सुधार में भाग लेने और उसका नेतृत्व करने तथा उनके आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए मजबूत गति प्राप्त करने का एक शक्तिशाली संदेश दे सकते हैं।